

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 263

ग्वालियर, बुधवार, 17 नवम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## खास खबर

### मुंबई में लगातार बढ़ रहा तापमान

**मुंबई।** मुंबई और महाराष्ट्र के कई हिस्सों में सर्दियों में भी गर्मी का एहसास बढ़ रहा है. मुंबई में दिन में तापमान अचानक बढ़ जाता है. दिन का तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है. वातावरण में बदलाव की स्टडी करने वाली संस्था स्काइमेट के विशेषज्ञों की राय में उत्तर पश्चिम की ओर गर्म हवाओं का बहाव शुरू है. इस वजह से शहर में तापमान बढ़ रहा है. 21 और 22 नवंबर तक तापमान इसी तरह से बना रहेगा. इसके बाद तापमान गिरना शुरू होगा. कर्नाटक के किनारे एक चक्रवात जैसी स्थिति तैयार हो रही है. इसलिए यहां कम दाब का क्षेत्र तैयार हो सकता है. इस वजह से मुंबई सहित महाराष्ट्र के तटीय भागों में 18 से 20 नवंबर तक बरसात होने का अनुमान है.

### योगी ने कहा, जल्द ही गंगा एक्सप्रेस-वे का कार्य प्रारंभ होने जा रहा

**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन समारोह कार्यक्रम में कहा कि तीन वर्ष पहले पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के शिलान्यास का कार्यक्रम संपन्न हुआ था और पिछले 19 महीने से पूरी दुनिया कोरोना का सामना कर रही है।इसके बावजूद प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा द्वारा ही उद्घाटन संपन्न होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे जिस विमान से पधारे हैं, जैसे ही विमान लैंड हुआ वैसे ही पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन के साथ प्रधानमंत्री मोदी के आगमन के साथ सुल्तानपुर की धरती पर हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे केवल आवागमन का एक माध्यम नहीं बल्कि पूर्वी उत्तरप्रदेश जो आजादी के बाद से भौतिक विकास के उन मापदंडों में विफल साबित हुआ था, जिसकी आजादी के बाद लगातार उपेक्षा हुई। उस पूर्वी उत्तर प्रदेश को विकास की एक नई जीवनरेखा के रूप में स्थापित करने की दिशा में किए जाने वाले प्रयास का हिस्सा होगा। इस अवसर पर विगत 4.5 वर्ष के अंदर न केवल विकास की दिशा पर नए कार्य हुए हैं वो सभी के सामने हैं। एक तरफ पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन हो रहा है तो वहीं दूसरी तरफ बुंदेलखंड को भी एक नए एक्सप्रेस-वे के साथ जोड़ने की कार्रवाई तेजी से बढ़ रही है। इसके अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश को पूर्वी उत्तर प्रदेश को जोड़ने के लिए गंगा एक्सप्रेस-वे का कार्य कुछ दिन में प्रारंभ होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में 9 एयरपोर्ट फंक्शनल हैं,जबकि 11 एयरपोर्ट पर कार्य चल रहा है। यह नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर है।

### धर्मांतरण के नेटवर्क का पर्दाफाश, मौलवी समेत 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**भरुच।** आमोद पुलिस ने कांकरिया गांव में आर्थिक समेत अन्य लालच देकर 100 जितने लोगों का धर्मपरिवर्तन कराने के मामला पर्दाफाश कर मौलवी समेत 9 शख्सों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू की है7 भरुच जिले की आमोद तहसील के कांकरिया गांव निवासी एक जागरूक नागरिक ने स्थानीय पुलिस को इस संदर्भ में शिकायत की थी7 जिसके आधार पर पुलिस महानिरीक्षक के मार्गदर्शन और धर्म परिवर्तन कराने में सरकार के नियमों का पालन नहीं किया होने का जांच खुलासा हुआ7 इस खुलासे के बाद आमोद पुलिस ने मुस्लिम कट्टरवादी 9 लोगों के खिलाफ गुजरात धर्म स्वातंर्त्य अधिनियम की धारा 4 और भारतीय दंड संहिता की धारा 120(बी), 153 बी(सी), 506(2) के तहत शब्बीर बेकरीवाला, समज बेकरी वाला, अब्दुल अजीज पटेल, युसूफ जीवण पटेल, अयूब बरकत पटेल, इब्राहिम पूना पटेल, फेफडावाला हाजी अब्दुल्ला, हसन टीसली और मौलवी इस्माइल आछोदवाला उर्फ डेलावाला के खिलाफ केस दर्ज किया है7 जांच में पता चला कि भरुच जिले के नबीपुर का मूल निवासी और वर्तमान में लंदन में रहनेवाला फेफडावाला हाजी अब्दुल्ला विदेशों से फंड एकत्र कर इसकी मदद से भारत में गैरकानूनी रूप से हिन्दू लोगों को मुस्लिम धर्म अंगीकार करवाता है7 विदेशों के अवैध रुपयों से फेफडावाला हाजी ने कांकरिया गांव के हिन्दू महिला और पुरुषों को मुस्लिम बनाने और हिन्दुओं के खिलाफ भड़काने के लिए आर्थिक सहायता की लालच देकर इस्लाम धर्म अंगीकार करवाया7 अब तक कांकरिया गांव के 37 परिवारों के 100 से अधिक लोगों का फेफडावाला हाजी धर्म परिवर्तन करवा चुका है।

### मुंबई की हवा दिल्ली से भी जहरीली, खतरनाक स्तर तक पहुंचा प्रदूषण

**मुंबई।** इन दिनों दिल्ली समेत देश के उत्तरी राज्यों में बढ़ते हुए प्रदूषण का मुद्दा गरमाया हुआ है. यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है. इस बीच बेहद चौंकाने वाली खबर ये सामने आई है कि सोमवार को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की हवा दिल्ली से भी ज़्यादा ज़हरीली थी. सोमवार को दक्षिण मुंबई में एयर क्वालिटी इंडेक्स 345 अंक तक जा पहुंचा. जबकि दिल्ली में सोमवार को वायु की गुणवत्ता का निर्देशांक 331 था।

---

## दिल्ली में लचर परिवहन व्यवस्था, सड़कों पर उड़ती धूल और औद्योगिक संस्थान प्रदूषण के प्रमुख कारण है : रामवीर सिंह बिधूड़ी

# अगर केजरीवाल से अपनी जिम्मेदारियां नहीं संभाली जा रही है तो वे तुरंत इस्तीफा दें: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता एवं नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आज एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को केजरीवाल सरकार की सबसे बड़ी नाकामी बताते हुए कहा कि आज दिल्ली के लोग खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। प्रदूषण से बुरा हाल है और ज्यादातर लोग बीमारियों का शिकार हो रहे हैं, लेकिन अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी के नेता राजनीतित पर्यटन में व्यस्त हैं और दिल्ली की स्थिति बाकी शहरों की तुलना में बदतर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अगर अरविंद केजरीवाल से अपनी जिम्मेदारियां नहीं संभाली जा रही है तो वे तुरंत अपने पद से इस्तीफा दें। उन्हें अपने पद पर बने रहने का कोई हक़ नहीं है।


प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर है और इसलिए माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी इस विषय को गंभीरता से लेते हुए केजरीवाल सरकार को सोमवार को कड़े शब्दों में फटकार लगाई है। केजरीवाल सरकार के वकील द्वारा यह दलील देने पर कि दिल्ली सरकार नगर निगम कमिश्नर और महापौर से बात करने वाली हैं, पर कोर्ट ने कड़े शब्दों में कहा कि आप अपनी जिम्मेदारियों से मत भागिए और उसे दूसरों पर डालने की कोशिश न करें। कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि प्रचार-प्रसार के लिए इतने



पैसे खर्च कर रहे हैं आखिर ये पैसे कहां से आ रहे हैं, इसका ऑडिट कराना पड़ेगा। श्री गुप्ता ने कहा कि दिल्ली को स्मार्ट शहर बनाने का वादा करने वाले केजरीवाल ने 'धुंआधार' शहर बनाने की जगह धुंआदार बना दिया है। खुद तो गोवा, पंजाब और उत्तराखंड में राजनीति पर्यटन में व्यस्त हैं और दिल्लीवालों को जहरीली हवा के बीच सांस लेने पर मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि हम शुरु से ही कहते आ रहे हैं कि प्रदूषण का प्रमुख कारण पराली नहीं है और कल सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि पराली से प्रदूषण फैल जरुर रहा है लेकिन वह प्रमुख कारण नहीं है। उन्होंने कहा कि हरियाणा और पंजाब में जहां पराली जलाई जाती है वहां पर हवा का प्रदूषण स्तर दिल्ली की तुलना में ज्यादा बेहतर हैं। दो दिन पहले की बात करें तो हरियाणा के दो शहर करनाल जहां प्रदूषण स्तर 157 और पानीपत में 136 प्रदूषण स्तर था जबकि पंजाब के दो शहर लुधियाना में 148 और पटियाला में 163 प्रदूषण स्तर था जबकि दिल्ली में प्रदूषण स्तर 720 था। जिससे स्पष्ट है कि हरियाणा और पंजाब का सिर्फ बहाना होता है।

श्री गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल सरकार को प्रचार-प्रसार से फुर्सत मिले तब तो वो प्रदूषण जैसी गंभीर समस्या के बारे में विचार करेंगे। स्मॉग टॉवर लगाने की बड़ी-बड़ी बात करने वाले अरविंद केजरीवाल ने स्मॉग टावर भी लगाया है तो किसी निजी कंपनी के सीएसआर फंड से, उसके बावजूद उसकी स्थिति दयनीय है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन सालों से हम इलेक्ट्रीक बसों को दिल्ली में चलने की बात सुन रहे हैं।

## देश में घटने लगा कोरोना का प्रकोप, प्रदेशों ने दूसरे राज्यों से आने वालों पर लागू किए एहतियाती उपाय



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के मामले कम होने लगे हैं, लेकिन सभी राज्य अब भी सावधानी बरत रहे हैं। दूसरे राज्यों से आने वाले यात्रियों के लिए नियम बनाए गए हैं। देश के सभी राज्यों ने अपनी सीमा में प्रवेश करने वाले दूसरे राज्य के यात्रियों के लिए आरोग्य सेतु ऐप को अनिवार्य किया है। जिन्हें पूरी तरह वैक्सीनेट 15 दिन हो गए हैं, उन्हें आवाजाही की छूट दी गई है।

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में बाहरी राज्यों से आने वाले यात्रियों को 48 घंटों के अंदर किए गए कोरोना टेस्ट की नेगेटिव रिपोर्ट दिखानी जरूरी है। हवाई सफर में भी ऐसा किया जाना जरूरी होगा। यात्रियों का हवाई अड्डे पर मुफ्त आरटीपीसीआर टेस्ट होगा। पॉजिटिव होने पर उन्हें क्वारंटाइन किया जाएगा। जिनके पास में पूर्ण वैक्सीनेट होने का सर्टिफिकेट होगा उन्हें इन दोनों प्रक्रियाओं से छूट दी जाएगी। इसी तरह आंध्र प्रदेश में बाहरी राज्यों से आने वालों को फोन में आरोग्य सेतु एप होना अनिवार्य होगा। विदेश से आने वाले यात्रियों के लिए अलग से गाइडलाइन जारी की गई है। हवाई सफर कर असम पहुंचने वालों का आरटीपीसीआर टेस्ट कराया जाएगा। पॉजिटिव पाए जाने पर उन्हें क्वारंटाइन किया जाएगा। बाहरी राज्यों से हवाई अड्डे पर उतरने वाले सभी यात्रियों का आरटीपीसीआर टेस्ट अनिवार्य होगा। रिपोर्ट आने तक सभी को वहीं पर रोक दिया जाएगा। यहां पर हवाई जहाज के जरिए आने वालों को अनिवार्य रूप से सात दिन क्वारंटाइन में रहना होगा। उत्तर पूर्वी राज्यों के लोगों को इससे छूट दी गई है। सरकारी अधिकारी और स्वास्थ्य कारणों से सफर करने वालों को भी इसमें छूट दी गई है। बिहार में आने वालों का रेंडमली आरएटी टेस्ट करवाया जाएगा। हालांकि, दरभंगा में मुंबई, चेन्नई से आने वाले यात्रियों को यहां आने पर नेगेटिव आरटीपीसीआर रिपोर्ट दिखानी होगी। ये रिपोर्ट 72 घंटों के बीच की होनी जरूरी है। ऐसा न करने पर यात्री को वापस भेजा जा सकता है। चंडीगढ़ आने वालों के लिए भी आरटीपीसीआर टेस्ट की नेगेटिव रिपोर्ट दिखानी अनिवार्य है। हालांकि, 10 वर्ष तक के बच्चों के लिए इसमें छूट दी गई है। यहां पर आने वाले सभी यात्रियों को पंजाब सरकार के कोवा ऐप पर खुद को रजिस्टर्ड भी करना होगा। छत्तीसगढ़ में बाहरी राज्यों से आने वालों को 96 घंटे के अंदर करवाई गई आरटीपीसीआर की नेगेटिव रिपोर्ट दिखाना जरूरी है। हवाई सफर करने वाले ऐसे यात्री, जिनके पास रिपोर्ट नहीं होगी।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे यूपी में संकल्पों की सिद्धि का जीता जागता प्रमाण : मोदी

**सुल्तानपुर।** यूपी के विकास को नया आयाम देने वाले 341 किलोमीटर लंबे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उद्घाटन किया। मोदी ने यहां राज्य की राजधानी लखनऊ को गाजीपुर से जोड़ने वाले छह लेन एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया। इसका निर्माण 22,500 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से किया गया है। इससे पूर्व प्रधानमंत्री मोदी एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करने के लिए भारतीय वायुसेना के सी-130 हरक्यूलिस विमान से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे हवाई पट्टी पर उतरे थे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य लोगों ने हवाई पट्टी पर प्रधानमंत्री की अगवानी की। लड़ाकू विमानों को आपात स्थिति में उतारने की सुविधा के लिए एक्सप्रेस-वे पर 3.2 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी का निर्माण



किया गया है। हवाई पट्टी स्थल से प्रधानमंत्री सुखोई, मिराज समेत भारतीय वायुसेना के विभिन्न विमानों के 'एयर शो' देखेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने एक संबोधन में कहा कि यूपी में 7-8 वर्ष पहले जो स्थिति थी उसे देखकर मुझे हैरानी होती थी कि आखिर यूपी को कुछ लोग किस बात की सजा दे रहे हैं। 2014 में जब यूपी ने, देश ने मुझे महान भारत भूमि की सेवा का अवसर दिया, तो मैंने यूपी के विकास के लिए बहुत सारे विकास के कार्य शुरू करवाए। पीएम मोदी ने कहा कि ये एक्सप्रेस-वे यूपी में आधुनिक होती सुविधाओं का प्रतिबिंब है। ये एक्सप्रेस-वे यूपी की दृढ़ इच्छा शक्ति का एक्सप्रेस-वे है ये एक्सप्रेस-वे यूपी में संकल्पों की सिद्धि का जीता जागता प्रमाण है। ये यूपी की शान है, ये यूपी का कमाल है।

पीएम ने कहा कि ये भी एक सच्चाई थी कि यूपी जैसा विशाल प्रदेश, पहले एक दूसरे से काफी हद तक कटा हुआ था। अलग-अलग हिस्सों में लोग जाते तो थे लेकिन एक दूसरे से कनेक्टिविटी ना होने की वजह से परेशान रहते थे। पूरब के लोगों के लिए लखनऊ पहुंचना भी महाभारत जीतने जैसा होता था। मोदी ने कहा कि पिछले मुख्यमंत्रियों के लिए विकास वहीं तक सीमित था जहां उनका घर था। लेकिन आज जितनी पश्चिम की पूछ है।


## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे गाड़ी चढ़ने से पहले पेट्रोल-डीजल फुल कर लें, वहीं खाना और पानी साथ रख लें

**नई दिल्ली।** लखनऊ से गाजीपुर तक के लिए बने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का मंगलवार को पीएम मोदी द्वारा उद्घाटन करने के साथ ही पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे जनता के लिए खुल गया हैं, अब दिल्ली से सीधे पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार तक का सफर करना आसान होगा। हालांकि, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर फिलहाल सफर करने से पहले कई महत्वपूर्ण बातों का ख्याल रखना होगा नहीं हो तो पूरे रास्ते आप परेशान हो सकते हैं?

340.82 किमी लंबा ये एक्सप्रेस-वे प्रदेश का सबसे बड़ा एक्सप्रेस-वे है। यह सूबे की राजधानी लखनऊ के चांदसराय से शुरू होकर गाजीपुर के हैदरिया गांव में जाकर खत?म होगा। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे भले ही बनकर तैयार हो गया है, लेकिन अभी भी इस पर जरूरी सुविधाओं का इंतजाम नहीं है। इस सफर में ना तब कोई पेट्रोल पंप मिलेगा, ना ही टॉयलेट की कोई व्यवस्था है। इतना ही नहीं, अगर सफर के दौरान आपकी गाड़ी खराब हुई तब कोई गैराज भी नहीं मिलेगा और फिलहाल खाने-पीने के लिए ना कोई होटल है और ना ही ढाबा। इतना ही नहीं, एक्सप्रेस-वे के किनारे अभी भी कई जगहों पर फेंसिंग का काम पूरी तरह से पूरा नहीं हो पाया है, जिसके चलते दुर्घटना के भी खतरे हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर चढ़ने से पहले अपनी गाड़ी पेट्रोल-डीजल से फुल करा लें, क्योंकि साढ़े तीन सौ किमी के सफर के दौरान अभी फिलहाल कोई भी पेट्रोल पंप नहीं है।इसके अगर आप टंकी भराकर सफर नहीं करते और बीच रास्ते में कहीं गाड़ी में तेल खत्म हो गया तो मुश्किल हो सकती है। हालांकि, फिलहाल लखनऊ से गाजीपुर के बीच में दो स्थानों पर पेट्रोल पंप निर्माण का काम चल रहा है, जिसे बनने में करीब दो से तीन महीने लग सकते हैं।इसकारण पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर अपनी गाड़ी चढ़ाने से पहले डीजल-पेट्रोल जरूर भरा लें। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर सफर करने से पहले अपनी गाड़ी के ऑयल के साथ-साथ हवा और गाड़ी की कंडीशन भी चेक कर लें, क्योंकि रास्ते में अगर आपकी गाड़ी खराब हो जाती है।

## पाकिस्तान की जेल से मुक्त हुए गुजरात के 20 मछुआरे, परिवारों में छाई खुशी

**अहमदाबाद।** पाकिस्तान के जेल में बंद गुजरात के 20 मछुआरों को मुक्ति मिल गई है 12 नवंबर को पाकिस्तान की जेल से रिहा हुए 20 मछुआरे आज शाम वाघा बोर्डर से गोल्डन टेम्पल ट्रेन में गुजरात की ओर रवाना हो गए हैं कल शाम तक ये मछुआरे वडोदरा पहुंचेंगे और वहां से बस से गिर सोमनाथ जाएंगे पाकिस्तानी जलक्षेत्र में कथित तौर पर अवैध रूप से मछली पकड़ने के मामले में चार साल की सजा पूरी करने के बाद 20 भारतीय मछुआरों को रविवार को पाकिस्तान के लांधी जिला जेल से रिहा कर दिया गया मुक्त किए गए मछुआरों में 19 गिर सोमनाथ के हैं और 1 मछुआरा पोरबंदर का निवासी है मछुआरों की रिहाई की खबर सुन उनके परिवारों में खुशी छाई गई है गौरतलब है पाकिस्तान सरकार ने पिछले साल की शुरुआत में 20 भारतीय मछुआरों और अप्रैल 2019 में 100 भारतीय मछुआरों के एक अन्य जत्थे को सद्भावना के रूप में रिहा किया था। पाकिस्तान और भारत के मछुआरे आमतौर पर एक-दूसरे के जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार होने के बाद जेलों में बंद कर दिए जाते हैं7 दरअसल दोनों देशों के बीच अरब सागर के तटीय क्षेत्र में स्पष्ट सीमांकन रेखा नहीं होने के कारण, ये मछुआरे जिनके पास आधुनिक समय के नेविगेशन उपकरण नहीं हैं, वे गलती से लाल रेखा को पार कर जाते है।






## वन-टू-वन

### जोकोविच एटीपी फाइनल्स के अगले दौर में पहुंचे

**तूरिन।** सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया है। जोकोविच ने पहले दौर में कास्पर रूड को सीधे सेटों में 7-6 (4), 6-2 से हराया। जोकोविच की निगाह सत्र की इस आखिरी प्रतियोगिता में छह खिताब जीतने के स्विस टेनिस स्टार रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी करने पर है। वहीं एक अन्य मैच में आंद्रे रुबलेव ने यूनान के स्टेफनोस सिटसिपास को 6-4, 6-4 से हराया। रूस के दानिल मेदवेदेव और अलेक्सांद्र जेवरेव ने अन्य ग्रुप में अपने मैच जीते हैं। मैच के बाद, जोकोविच को इस साल नंबर-1 रहने के लिए ट्रॉफी दी गई। यह उपलब्धि उन्होंने रिकॉर्ड सातवीं बार हासिल की। वहीं इससे पहले अमेरिकी ओपन फाइनल में दानिल मेदवेदेव के खिलाफ शिकस्त के साथ जोकोविच का कैलेंडर ग्रैंडस्लैम पूरा करने का सपना टूट गया था और उन्होंने इसके बाद दो महीने का ब्रेक लिया था।

### एशेज सीरीज के लिए अपनी जगह पक्की न समझें मिचेल : बेली

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा है कि टी20 विश्व कप में किये अच्छे प्रदर्शन के आधार पर ही मिचेल मार्श को एशेज सीरीज के लिए जगह नहीं मिल जाएगा बल्कि उन्हें टेस्ट प्रारुप में भी अपने को साबित करना होगा। बेली के अनुसार एशेज सीरीज के लिए टीम के चयन के समय मार्श की उस पारी को ज्यादा वरीयता नहीं मिलेगी जो उन्होंने टी20 विश्व कप के फाइनल में खेली थी क्योंकि यह दोनो ही प्रारुप अलग-अलग हैं। मिचेल ने फाइनल में नाबाद 77 रन की पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। ऐसे में माना जा रहा था कि ऑस्ट्रेलिया में इस साल के अंत में होने वाली एशेज सीरीज में उनकी जगह पक्की हो गयी है पर बेली इससे सहमत नहीं है हालांकि पूर्व क्रिकेटर इयान हीली ने कहा था कि मिचेल को उसके शानदार प्रदर्शन के लिए एशेज में अवसर मिलना चाहिये। वहीं दूसरी ओर बेली ने कहा, 'एशेज के लिए चयन के समय टी20 विश्वकप के प्रदर्शन को ज्यादा वरीयता नहीं दी जाएगी क्योंकि टी20 और टेस्ट प्रारुप एक-दूसरे से पूरी तरह से अलग हैं।' उन्होंने कहा, 'दोनों में कोई समानता नहीं है पर आप इंटरनेशनल स्तर पर खिलाड़ियों को अच्छा करते देखना चाहते है, क्योंकि इससे उन्हें आत्मविश्वास मिलता है।' बेली ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह जरुरी नहीं कि किसी खिलाड़ी की एक प्रारुप की लय दूसरे में भी जारी रहे और मुझे यह भी नहीं लगता कि टी20 वर्ल्ड कप में जीत से आपको एशेज में कोई फायदा होगा।' गौरतलब है कि मिचेल ने अब क 32 टेस्ट खेले हैं पर इसके बाद भी उनकी जगह टीम में पक्की नहीं हुई है।

### राज्यों की लगने वाली है लॉटरी, इकोनॉमी की रिकवरी के लिए मिलने वाला है बड़ा हिस्सा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार राज्यों का पूंजीगत व्यय बढ़ाने के लिए इस महीने उन्हें 95,082 करोड़ रुपए टैक्स अंशदान के रूप में जारी करेगी। इसमें एक एडवांस किस्त भी शामिल होगी। यह बात केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कही है। सीतारमण ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों एवं वित्त मंत्रियों के साथ बैठक की। इसमें कोविड19 महामारी के बाद अर्थव्यवस्था की रिकवरी को लेकर थी। उन्होंने कहा कि राज्यों ने अनुरोध किया था कि संकलित कर राजस्व में हिस्सेदारी के एडवांस भुगतान से उन्हें पूंजीगत व्यय में सहायता मिलेगी। सीतारमण ने कहा, 'मैंने वित्त सचिव से कहा है कि राज्यों के हिस्से की सामान्य 47,541 करोड़ रुपये की राशि दिए जाने के बजाय 22 नवंबर को उन्हें एक महीने की एडवांस किस्त भी दे दी जाए। इस तरह राज्यों को उस दिन 95,082 करोड़ रुपये जारी कर दिए जाएंगे।' उन्होंने कहा कि एक महीने की एडवांस किस्त मिलने से राज्यों के पास पूंजीगत व्यय के लिए अतिरिक्त रकम होगी, जिसका इस्तेमाल वे ढांचागत आधार खड़ा करने में कर सकते हैं। वित्त सचिव टीवी सोमनाथन ने कहा कि फिलहाल कुल संग्रहीत कर में 41 प्रतिशत हिस्सा राज्यों को 14 किस्तों में दिया जाता है और राज्यों को अपनी नकद आवक के बारे में एक अनुमान भी होता है। उन्होंने कहा कि यह एक एडवांस भुगतान होगा और किसी भी तरह का राशि एडजस्टमेंट मार्च में किया जाएगा।

### बाइडन ने 1,000 अरब डॉलर के अवसंरचना विधेयक को मंजूरी दी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने व्हाइट हाउस के लॉन में 1,000 अरब डॉलर के एक बुनियादी विधेयक को मंजूरी दी और कहा कि यह इस बात का उदाहरण है कि द्विदलीय प्रणाली से क्या हासिल किया जा सकता है। बाइडेन को उम्मीद है कि इस विधेयक से रोजगार, स्वच्छ पानी, तेज इंटरनेट और स्वच्छ ऊर्जा भविष्य मिलेगा, जिससे उन्हें अपनी लोकप्रियता को वापस पाने में मदद मिलेगी। बढ़ती मुद्रास्फीति और कोविड-19 के चलते सार्वजनिक स्वास्थ्य और आर्थिक जोखिमों से पूरी तरह निपट नहीं पाने के चलते बाइडेन इस समय दबाव का सामना कर रहे हैं। बाइडेन ने कहा, 'अमेरिकी लोगों के लिए मेरा संदेश है- अमेरिका फिर से आगे बढ़ रहा है और आपका जीवन बेहतर होने वाला है।' द्विपक्षीय सौदे के साथ सड़क, पुल, जल प्रणाली, ब्रॉडबैंड, बंदरगाहों, इलेक्ट्रिक वाहनों और पावर ग्रिड में निवेश शुरुआती लक्ष्य के मुकाबले कम होगा, लेकिन फिर भी प्रशासन ने नए कानून को एक सफलता की तरह पेश किया है। बाइडन ने कहा, 'इस कानून के साथ, हमने काम पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया। हमारे देश को आगे बढ़ाने का एकमात्र तरीका समझौता और आम सहमति है।' द्विपक्षीय समझौते के रूप में अमेरिकी राष्ट्रपति की बुनियादी ढांचे पर 2300 अरब डॉलर खर्च करने की अपनी प्रारंभिक महत्वाकांक्षा को आधे से अधिक कम करना पड़ा। इस कटौती के बाद ही पैकेज को सीनेट में रिपब्लिकन सांसदों का समर्थन मिला।

# नये कप्तान रोहित और कोच द्रविड के साथ न्यूजीलैंड पर जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**जयपुर।** नये कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड के मार्गदर्शन में भारतीय टीम बुधवार को यहां तीन मैचों की सीरीज के पहले टी20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को हराकर जीत की लय हासिल करना चाहेगी। यूएई में हुए टी20 विश्व कप में मिली करारी हार के बाद से ही टीम का मनोबल गिरा हुआ है और उसे आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा है। ऐसे में टीम जीत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगी। इस सीरीज में भारतीय टीम को घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा जिससे उसका पलड़ा भारी नजर आता है। वहीं इस बार टीम में कई युवा खिलाड़ियों का भी अवसर मिला है जो अपने को साबित करना चाहेंगे। टीम में युवा ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर को भी अवसर दिया गया है। वेंकटेश अगर सफल होते है तो भारतीय टीम को तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रुप में हार्दिक पंड्या का विकल्प मिल जाएगा। आईपीएल में वेंकटेश ने शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी कर सबका ध्यान खींचा था। वेंकटेश के अलावा आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले रुतुराज गायकवाड़, हर्षल पटेल, आवेश खान के लिए भी इस सीरीज में अपने को साबित करने का अच्छा अवसर है। इसके अलावा स्पिनर युजवेंद्र चहल को लंबे समय बाद वापसी हुई है। चहल भी अपनी वापसी को सार्थक साबित करना चाहेंगे। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है और ऐसे में भारत एक और तेज गेंदबाज की तलाश करना चाहेगा जो लगातार 140 किमी प्रति घंटे या उससे अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर सके। ऐसे में आवेश और युवा मोहम्मद सिराज उस कमी को पूरा करना चाहेंगे।

अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार यूएई में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। इस सीरीज से उन्हें अपनी लय हासिल करने का एक और अवसर मिला है। कप्तान रोहित और कोच द्रविड़ अगले साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के हालातों को ध्यान में रखकर खिलाड़ियों की योग्यता को आंकना चाहेंगे। इसी को देखते हुए टीम में छोटे प्रारूप के पांच सलामी बल्लेबाज शामिल किये गये हैं और इनको मध्यक्रम में भी आजमाया जाएगा।

रोहित और उप-कप्तान लोकेश राहुल पहले मैच में पारी की शुरुआत कर सकते हैं पर इशान किशन और रुतुराज के रूप में टीम के पास विकल्प भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा वेंकटेश ने भी आईपीएल में अपने सभी रन सलामी बल्लेबाज के रूप में बनाये पर वह मध्यक्रम में भी बल्लेबाजी करने में सक्षम हैं। सूर्यकुमार यादव विश्व कप के दौरान अपनी लय हासिल नहीं कर पाये पर वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें भारत विशेषकर आस्ट्रेलियाई हालातों को देखकर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए तैयार करना चाहता है।



### टेस्ट सीरीज के लिए रहाणे और पुजारा ने किया अभ्यास

**मुंबई।** भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम के उप कप्तान अजिंक्य रहाणे ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 25 नवंबर से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला को देखते हुए जमकर अभ्यास किया है। रहाणे को न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के पहले टेस्ट में कप्तानी की भी जिम्मेदारी दी गयी है क्योंकि नियमित कप्तान विराट कोहली अवकाश पर हैं। रहाणे पिछले कुछ समय से खराब दौर से गुजर रहे हैं और रन नहीं बना पाये हैं जिसके कारण टीम में उनकी जगह पर भी सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में उनके लिए इस सीरीज में रन बनाना बेहद अहम है। श्रृंखला का दूसरा टेस्ट मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में पांच दिसंबर से खेला जायेगा। रहाणे ने पिछले 15 टेस्ट मैचों में 24.76 के औसत से सिर्फ 644 रन बनाये हैं। पिछले साल दिसंबर में मेलबर्न टेस्ट में यादगार शतकीय पारी खेलने के बाद वह उम्मीदों पर खरा उतरने में संघर्ष करते रहे हैं।

## वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर पर राहुल ने कहा, हम अभी-अभी स्टेडियम पहुंचे हैं, इसकारण मेरे पास इसका जवाब नहीं

**जयपुर।** भारतीय टी-20 टीम के उप कप्तान लोकेश राहुल से जब न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच से पूर्व शहर में वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर के बारे में पूछने के बारे कहा कि हम यहां क्रिकेट खेलने आए हैं।इस मैच की शुरुआत में दीपावली के बाद दिल्ली की तरह जयपुर के वायु प्रदूषण स्तर में भी इजाफा हुआ है।जयपुर का वायु गुणवत्ता सूचकांक शनिवार को काफी खराब दर्ज किया गया, जबकि सोमवार सुबह भी शहर में स्मोग (धुंध और धुएं का मिश्रण) दिखा।राहुल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए भारतीय टीम के पहले अभ्यास सत्र से पहले कहा, असल में हम अब तक बाहर नहीं निकले हैं। हम अभी-अभी स्टेडियम पहुंचे हैं,इसकारण मेरे पास इसका जवाब नहीं है। मैं अपने हाथ में मीटर लेकर नहीं आया इसलिए मुझे नहीं पता कि प्रदूषण का स्तर कितना बुरा है।उन्होंने कहा, मुझे यकीन है, कि यह इतना बुरा नहीं है।हम सभी यहां क्रिकेट खेलने आए हैं।इस बीच भारत ने नए मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के मार्गदर्शन में पहले ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लिया।इस दौरान रोहित शर्मा, द्रविड़ के साथी और अन्य सहयोगी स्टाफ भी मौजूद था। टीम ने तीन दिन के पृथकवास के बाद पहले अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया।भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार, शुक्रवार और रविवार को तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलने हैं, जिसके बाद दोनों टीमों के बीच दो टेस्ट की सीरीज होगी। केएल न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ के साथ खेलने को लेकर उत्साहित हैं और उनका कहना है, कि मुख्य कोच द्रविड़ अच्छे 'टीम कल्चर' पर फोकस के लिए जाने जाते हैं, जबकि रोहित कुशल रणनीतिकार हैं।

### साउदी को उम्मीद, खिलाड़ियों को लंबे समय तक जैव सुरक्षित वातावरण में नहीं खेलना पड़ेगा

**जयपुर।** न्यूजीलैंड के कार्यवाहक कप्तान टिम साउदी का मानना है कि बायो बबल में लंबा समय बिताने से क्रिकेटरों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। साउदी ने उम्मीद जाहिर कि उन्हें लंबे समय तक जैव सुरक्षित वातावरण में नहीं खेलना पड़ेगा। न्यूजीलैंड की टीम को दुबई में आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 विश्व कप का फाइनल खेलने के 72 घंटे बाद भारत में तीन मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेलनी है, जो पांच दिनों में समाप्त होगी। साउदी सितंबर में आईपीएल के दूसरे चरण के शुरू होने से ही बायो बबल में हैं। उन्होंने कहा कि कोविड काल में कार्यक्रम तैयार करना उनके नियंत्रण से बाहर है, लेकिन इसका खिलाड़ियों पर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा,पिछले दो वर्षों में दुनिया में जो कुछ हुआ उससे बायो बबल और पृथकवास के साथ चीजें काफी मुश्किल बन गई हैं, और कुछ समय बाद इसका असर देखने को मिलता है।''

## नेहरा का सुझाव,ओस से बचने के लिए हर तीन ओवर में गेंद को बदला जाए



**जयपुर।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज 17 नवंबर से शुरू हो रही है।सभी मैच रात 7 बजे से शुरू होने हैं।इसके बाद दोनों टीमों के लिए ओस बड़ा फैक्टर रहेगा।टी20 वर्ल्ड कप के दौरान भी ओस ने बड़ी भूमिका निभाई थी।दुबई में हुए अंतिम 18 टी20 मैचों की बात करें,तब पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम सिर्फ एक ही मैच जीत सकी।इसमें कई दिग्गज खिलाड़ी आईसीसी से इस ओर कदम उठाने की बात कह रहे हैं। उनका मानना है कि सिर्फ टॉस के कारण मैच का फैसला नहीं होना चाहिए। इसबारे में पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने कहा कि ओस से बचने का सिर्फ एक ही उपाय है कि मैच को पहले शुरू किया जाए।उन्होंने कहा, इस लेकर पहले भी कई बार बात हुई है।जैसे हर 3 ओवर में गेंद बदल दी जाए। स्प्रे के अलावा सुपर शॉपर का भी इस्तेमाल किया गया, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ।2011 वर्ल्ड कप विजेता टीम में शामिल रहे नेहरा का मानना है कि मैच को 4 बजे शुरू किया जाए,तब ओस इतना बड़ा फैक्टर नहीं रहेगा। टी20 वर्ल्डकप के फाइनल में अगर गेंद सूखी होती,तब शायद नजारा ही अलग होता। गेंद गीली होने के बाद स्पिन गेंदबाज पूरी तरह से खेल से बाहर हो जाते हैं। वहीं पूर्व भारतीय दिग्गज वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि ओस को लेकर हर टीम के कप्तान को आईसीसी से बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैच को 2 घंटे पहले शुरू करें, टेस्ट भी दिन में ही खेले जाते हैं।

## देश का निर्यात अक्टूबर में 43 फीसदी बढ़कर 35.65 अरब डॉलर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** अक्टूबर महीने जहां देश का निर्यात बढ़ा वहीं व्यापार घाटा भी काफी बढ़ गया है। निर्यात 43 प्रतिशत बढ़कर 35.65 अरब डॉलर पर पहुंच गया। जारी अधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में व्यापार घाटा भी बढ़कर 19.73 अरब डॉलर हो गया। निर्यात और आयात के अंतर को व्यापार घाटा कहते हैं। समीक्षाधीन महीने में आयात 62.51 प्रतिशत के उछाल के साथ 55.37 अरब डॉलर रहा। अक्टूबर में पेट्रोलियम, कॉफी, इंजीनियरिंग सामान, सूती धागे, रत्न एवं आभूषण, रसायन, प्लास्टिक और समुद्री उत्पाद के निर्यात में बढ़ोतरी हुई। चालू वित्त वर्ष के पहले सात माह में देश का निर्यात पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 55.13 प्रतिशत बढ़कर 233.54 अरब डॉलर रहा है। अप्रैल-अक्टूबर के दौरान आयात भी 78.16 प्रतिशत बढ़कर 331.39 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस तरह वित्त वर्ष के पहले सात माह में व्यापार घाटा 97.85 अरब डॉलर रहा है। अक्टूबर में कच्चे तेल का आयात बढ़कर 14.43 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो अक्टूबर, 2020 में छह अरब डॉलर था। अप्रैल-अक्टूबर में तेल आयात 87.42 अरब डॉलर रहा। समीक्षाधीन महीने में सोने का आयात 5.1 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल के समान महीने में 2.5 अरब डॉलर रहा था। वहीं इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात अक्टूबर में 51 प्रतिशत बढ़कर 9.4 अरब डॉलर पर पहुंच गया। अक्टूबर में कुल निर्यात में इंजीनियरिंग उत्पादों का हिस्सा 28.19 प्रतिशत रहा। इस दौरान पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात 5.33 अरब डॉलर पर पहुंच गया। निर्यातकों के संगठन फियो ने कहा कि अक्टूबर के आंकड़ों से पता चलता है कि वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं की स्थिति सुधर रही है और विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे ऑर्डर मिल रहे हैं। सितंबर में व्यापार घाटा 22.59 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

## एस्कॉर्ट्स कंपनी ने किया ट्रैक्टर के दामों में इजाफे का ऐलान

**नई दिल्ली।** किसानों को बड़ा झटका लगने वाला है। दरअसल, कृषि और कंस्ट्रक्शन उपकरण बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी एस्कॉर्ट्स लिमिटेड ने ट्रैक्टर की कीमतें बढ़ाने का ऐलान किया है। कंपनी ने कहा है कि 21 नवंबर से ट्रैक्टर के सभी मॉडल्स के दाम बढ़ जाएंगे। कंपनी का कहना है कि कमोडिटी की बढ़ती कीमतों की वजह से दाम बढ़ाने का फैसला लिया है। इससे पहले एस्कॉर्ट्स ने 28 जून 2021 और अप्रैल 2021 में भी ट्रैक्टर के दाम बढ़ाने का ऐलान किया था।

एस्कॉर्ट्स लिमिटेड ने अभी तक ये नहीं बताया कि किस ट्रैक्टर पर कितने दाम बढ़ेंगे। किसानों का कहना है कि महंगे ईंधन ने पहले कमर तोड़ दी है। इसका असर धान की कटाई, मिंजाई एवं ढुलाई पर भी हो सकता है। कटाई और मिंजाई के दाम एकदम से बढ़ने से खेती की लागत बढ़ गई है। डीजल के दाम बढ़ने से धान काटने वाली हार्वेस्टर मशीन और ट्रैक्टरों से ढुलाई करना अब महंगा हो रहा है। प्रति एकड़ धान की कटाई अब 2500 रुपए लग रही है जबकि पिछली बार 1800 से 2000 रुपए प्रति एकड़ का भाव था। अक्टूबर महीने में एस्कॉर्ट्स की ट्रैक्टर बिक्री में गिरावट देखने को मिली थी। अक्टूबर में कुल ट्रैक्टर बिक्री 1.1 फीसदी गिरकर 13,514 यूनिट रही। वहीं, कंपनी ने अक्टूबर 2020 में कुल 13,664 ट्रैक्टर बेचे थे अक्टूबर 2021 में घरेलू ट्रैक्टर की बिक्री 12,749 यूनिट रही। वहीं, अक्टूबर 2020 में 13,180 यूनिट थी। इस दौरान बिक्री में 3.3 फीसदी की गिरावट आई। कुल बिक्री में कंपनी का एक्सपोर्ट हिस्सा भी शामिल होता है। आपको बता दें कि एक्सपोर्ट 484 के मुकाबले 765 यूनिट रहा है। इसमें 58.1 फीसदी की ग्रोथ आई है।

### उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार की तैयारी में लगी किआ इंडिया

**नई दिल्ली।** शानदार कार निर्माता कंपनी किआ इंडिया जल्द ही अपने विस्तार को अंजाम देने वाली है। कंपनी अगले वर्ष की पहली तिमाही में एक बहुउद्देश्यीय वाहन (एमपीवी) पेश करने के साथ भारतीय बाजार में अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। किआ इंडिया घरेलू बाजार में फिलहाल सेल्टोस, सॉनेट और कार्निवल जैसे तीन वाहनों की बिक्री करती है। कंपनी वैश्विक स्तर पर 16 दिसंबर को अपनी चौथी कार पर से पर्दा उठाएगी जबकि घरेलू बाजार में इस कार को अगले वर्ष जनवरी-मार्च के बीच उतारा जाएगा। किआ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी ताए जिन पार्क ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में संवाददाताओं को बताया, 'भारत वैश्विक स्तर पर किआ के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण बाजार है और ऐसा केवल बिक्री के लिए नहीं है। भारत में उत्पादन और वैश्विक अनुसंधान और विकास केंद्र बनने की भी क्षमता है।' उन्होंने कहा कि कंपनी को देश में सेल्टोस, सॉनेट और कार्निवल के लिए पहले ही बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि किआ इंडिया, 2022 की पहली तिमाही में अपना नया उत्पाद पेश करेगी। पार्क ने कहा, 'हम केवल 6-7 सीटर कार पेश करने का इरादा नहीं रखते बल्कि हम एक नयी श्रेणी बनाना चाहते हैं जो बाजार में मौजूद ही नहीं है। नए वाहन में एक बड़े परिवार के लिए किसी भी एसयूवी कार के समान पर्याप्त जगह होगी।'

# कोरोनाकाल में देश को आयात करना पड़ा 1.17 करोड़ रुपए से अधिक का खाद्य तेल

**नई दिल्ली।** वैश्विक महामारी कोरोनाकाल में देश में खाद्य तेलों का आयात रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वर्ष 2020-21 में भारत ने विदेशों से 1.17 लाख करोड़ रुपए (15.71 अरब डॉलर) का खाद्य तेल मंगाया जो पिछले साल की तुलना में 63 फीसदी अधिक है। वॉल्यूम टर्म्स में भारत का आयात 2020-21 मार्केटिंग वर्ष में 135.3 करोड़ टन रहा जो पिछले साल 135.2 करोड़ टन रहा था। विदेशों में खाद्य तेल की कीमतों में तेजी से भारत का आयात बिल बढ़ा। भारत दुनिया में खाद्य तेलों का सबसे बड़ा आयातक है। भारत के इम्पोर्ट में पाम ऑयल की मात्रा सबसे अधिक है। पाम ऑयल अभी रेकॉर्ड स्तर के आसपास ट्रेड कर रहा है। मार्केटिंग वर्ष 2020-21 में भारत का पाम ऑयल इम्पोर्ट 15.2 फीसदी बढ़कर 83.2 लाख टन पहुंच गया।

देश में खाद्य तेल की कीमत रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी और इसमें कमी लाने के लिए सरकार पिछले 6 महीने में 3 बार खाद्य तेलों के आयात शुल्क में कटौती की है। जानकारी के अनुसार मार्केटिंग वर्ष 2020-21 में भारत में सोयाबीन तेल का आयात 15 फीसदी की गिरावट के साथ 28.7 लाख टन पहुंच गया जबकि सनफ्लावर ऑयल का आयात भी करीब एक चौथाई गिरकर 19 लाख टन रह गई। भारत पाम ऑयल इंडोनेशिया और मलेशिया से खरीदता है, सोयाबीन तेल का आयात अर्जेंटीना और ब्राजील से किया जाता है। भारत सनफ्लावर ऑयल रूस और यूक्रेन से मंगाता है। एसईए के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बीवी मेहता ने कहा कि नए मार्केटिंग वर्ष में भारत के वेजिटेबल ऑयल आयात में मामूली गिरावट आ सकती है। इसकी वजह यह है कि देश में सोयाबीन, मूंगफली और रेपसीड की घरेलू आपूर्ति बढ़ने की उम्मीद है। खाद्य तेलों का मार्केटिंग वर्ष 1 नवंबर से 31 अक्टूबर तक है। मेहता ने कहा कि कीमतों के रेकॉर्ड पर पहुंचने से मांग में कमी आ रही है। उन्होंने कहा कि 2021-22 में पाम ऑयल के आयात में कमी आ सकती है क्योंकि हाल के महीनों में इसकी कीमत में काफी तेजी आई है। इससे सोयाबीन तेल और सनफ्लावर ऑयल के आयात में तेजी आ सकती है।



## शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

**मुंबई।** मुम्बई शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट का माहौल रहा। दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी दिग्गज कंपनियों के शेयरों में नीचे आने से बाजार टूटा है। ऑटो और आईटी को छोड़कर निफ्टी के सभी सेक्टोरल इंडेक्स नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए है। वहीं पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेस, एफएमसीजी, फार्मा और मेटल शेयरों सबसे ज्यादा गिरे हैं। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स आज 0.22 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है। वहीं स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.18 फीसदी की बढ़त आई है। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 396.34 अंक करीब 0.65 फीसदी के नुकसान के साथ ही 60,322.37 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 110.25 अंक तकरीबन 0.61 फीसदी नीचे आकर 17,999.20 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान टाटा मोटर्स और मारुति सुजुकी के शेयरों में अच्छी तेजी देखने को मिली वहीं टाटा इस्पात और एचडीएफसी जैसी कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। पीएसयू बैंक इंडेक्स में 2 फीसदी की गिरावट आई, जबकि निफ्टी बैंक, एनर्जी और फार्मा इंडेक्स में 1-1 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.22 फीसदी नीचे था, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह भी बाजार गिरावट के साथ खुला था। समय के साथ ही यह गिरावट बढ़ती गयी।



# मिलावट माफियाओं पर भिंड पुलिस की स्ट्राइक, भारी तादाद में नकली दूध और मावा बनाने का सामान जप्त

### खतरनाक केमिकल हाइड्रोजन पराऑक्साइड भी मिला, पुलिस नई किया मामला दर्ज




**गोहद।** साइबर सेल पुलिस ने गोहद चौराहा थाना पुलिस की मदद से नकली दूध तैयार करने की सामग्री उपलब्ध कराने वाले गोदामों का पर्दाफ़ाश किया है, पुलिस ने मौक़े से भारी मात्रा में मालटोज़ पाउडर, हाइड्रोजन पेराऑक्सायड, रेफ़ायंड ओईल, पाम आयल समेत मशीनरी और भारी मात्रा में घातक केमिकल बरामद किए है। भिंड साइबर सेल लगातार अपराध और अपराधियों का पर्दाफ़ाश करने में लगा है, हाल ही में ई-कॉमर्स साइट अमेजन द्वारा भारी मात्रा में गांजा की सप्लाई का खुलासा करने के बाद साइबर सेल पुलिस ने गोहद चौराहा पुलिस के सहयोग से नक़ली दूध बनाने की सामग्री के गोदाम पर छापा मार कार्यवाही की है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक़, पुलिस ने दोनो गोदाम से भारी मात्रा में कैमिकल्स और नक़ली दूध बनाने की सामग्री ज़ब्त की है जिसमें 3000 लीटर हाइड्रोजन पेराऑक्सायड, 5-6 ड्रम पॉम ओर रिफ़ायंड आयल, 50 किलो डिटर्जेंट ,785 बोरी पावडर और अन्य घातक सामग्री भी भारी मात्रा में बरामद की है, वही कुछ मशीनरी भी ज़ब्त की हैं। साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक शिवप्रताप सिंह के मुताबिक़ गोहद इलाके में लगातार मिल रही सूचना के आधार पर कुछ दिन से गोहद में मुखबिरों को सक्रिय किए हुए थे, जिनसे उन्हें जानकारी मिली की अवधेश शर्मा उर्फ़ कल्लू नाम के शख्स के गोदाम में नक़ली दूध तैयार करने की सामग्री बड़ी तादाद में एकत्रित है। साइबर पुलिस ने लगातार निगरानी रख कर उसके तीन गोदामों का पता लगाया जिसके बाद प्लानिंग के साथ गोहद एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ओपी मिश्रा ने दबिश दी, जहां मौक़े से एक मशीन और डिटर्जेंट के पैकेट्स के साथ क़रीब 6 से 7 ड्रम रिफ़ाइन ओयल मिला है। दोबारा पूछताछ करने पर भी जब खुद आरोपी ने दूसरे और सामग्री की बात नही स्वीकार की तो उसे साथ ले जाकर दूसरे गोदाम को भी चेक किया गया तो वहाँ भारी मात्रा में मालडोज़ पाउडर की बोरियाँ मिली साथ ही ख़तरनाक केमिकल्स के साथ अलग अलग केनों में भरा हुआ तीन हज़ार लीटर हाइड्रोजन पेराआक्सायड भी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी अबधेश शर्मा पुत्र रामदास शर्मा उम्र 37 वर्ष निवासी वार्ड नं 18 स्टेशन रोड गोहद चौराहा व वनवारी पुत्र दौलत सिंह यादव उम्र 40 पर धारा 420, 272, 273 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। तथा एक मारुति पिकअप वेन एमपी 30 एल.ए 1173 जप्त की है।

**-नक़ली दूध बनाने का फ़ॉर्म्युला जानता था आरोपी:** बताया जा रहा है की आरोपी अवधेश पूर्व में केमिकल बनाने का काम करता था जिसकी वजह से उसे केमिकल की मदद से नकली दूध बनाने का फ़ॉर्म्युला पता था, वह गोहद में इन गोदामों के ज़रिए मिलावट माफिया को नकली दूध तैयार करने का तरीक़ा बताता था, साथ में दूध बनाने के लिए सामग्री भी उपलब्ध कराता था।

**अब तक इतना केमिकल हुआ बरामद:** इस पूरी कार्यवाही की जानकारी खाद्य विभाग को भी दी गयी है। खाद विभाग के अधिकारी मौक़े पर पहुँच कर आगे की कार्यवाही की। इस दौरान खाद्य विभाग आरोपी की एक अन्य दुकान कामिनी सेल्स पर भी पहुँचा है जहां से दस्तावेज देखें और गौतम नगर स्थित गोदाम से 750 बेग एमडीपी पाउडर ज़ब्त किया गया है, अब तक कुल बरामद केमिकल में आरएम केमिकल- 665 लीटर, एमडीपी पाउडर 785 बोरी, लिक्विड डिटर्जेंट -297 लीटर, बेकरी प्रीमिक्स पाउडर- 50 किलो ज़ब्त किया है।

**इनका कहना है:** गोहद तहसील में चौराहा पर दो गोदामो की तलाशी ली गई जिसमें दूध बनाने वाले केमिकल मिले है। जिस पर कार्यवाही की गई।

**रेखा सोनी खाद अधिकारी**



## "पंज-ज" अभियान के अंतर्गत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर सम्पन्न

**भिण्ड ।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड अक्षय कुमार द्विवेदी के मार्गदर्शन में तथा जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड सुनील दण्डौतिया के कुशल नेतृत्व में प्रत्येक व्यक्ति को विधिक साक्षर बनाये जाने के प्रयोजन से निरंतर विधिक साक्षरता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में शासकीय उत्कृष्ट उ0मा0 विद्यालय नं0 1 भिण्ड में ''पंज-ज'' अभियान के अंतर्गत एवं एनसीसी के तीन दिवस कार्यक्रम के समापन के अवसर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड सुनील कुमार दण्डौतिया मुख्य अतिथि एवं एनसीसी के कर्नल विशिष्ट अतिथि के रूप तथा एनसीसी के छात्रगण एवं सामाजिक कार्यकर्ता आदि सम्मिलित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए, दण्डौतिया के द्वारा पर्यावरण संरक्षण की महत्वता को प्रतिपादित करते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण किये जाने पर बताया गया। जिससे ऑक्सीजन की होने वाली कमी को पूरा किया जाकर आम जन को शुद्ध हवा प्राप्त हो सके। वृक्षों की पोषण एवं सुरक्षा रखे जाने का पूनित कर्तव्य प्रत्येक मानव का है। पर्यावरण के क्षरण के कारण मानव अस्तित्व प्रभावित हो रहा है इसलिए मानव अस्तित्व के आवश्यक अंग के रूप में न केवल वृक्षारोपण बल्कि नियमित रूप से वृक्षों का पोषण किया जाना आवश्यक है। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की निःशुल्क विधिक सहायता योजना के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर ने कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य सुधार, कुपोषण उपचार हेतु पर्यवेक्षकों को प्रदाय किये प्रोटीन पाउडर पैकेट...



**भिण्ड ।** मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम के तहत परियोजना बरोही के चिन्हांकित कुल अति गम्भीर कुपोषित 53 बच्चों एवं मध्यम कुपोषित 143 बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हेतु जन सहयोग से 200 पैकेट प्रोटीन पाउडर प्राप्त हुआ। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस द्वारा प्रोटीन पाउडर पैकेट्स को संबंधित पर्यवेक्षकों को चिन्हांकित हितग्राहियों को प्रदान हेतु प्रदाय किया गया है। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस द्वारा सभी बच्चों के शीघ्र सामान्य श्रेणी में आने की कामना की गई।

### रंगदारी के चलते युवक के साथ मारपीट

**भिण्ड।** बरासों थाना क्षेत्र के ग्राम गोपी का पुरा में एक युवक की मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार मुलायम पुत्र पानसिंह बघेल निवासी ग्राम ललाजू का पुरा थाना बरासों ने बताया विगत 5 नवम्बर दोपहर 1 बजे आरोपी अभिलाख सिंह बघेल निवासी गोपी का थाना बरासों ने मारपीट करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### होटल लेक ब्यू के सामने युवक ने चलाई गोली

**भिण्ड।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के हाउसिंग कॉलोनी में स्थित होटल लेक ब्यू के सामने एक युवक ने रंगदारी के चलते गोलियां चलाई तो इसकी सूचना पुलिस को मिलते ही उसे दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शांति किशोर पुत्र हरिबाबू जैन निवासी बेटेज रोड कृष्णाधाम अहमदाबाद गुजरात क्षेत्र के हाउसिंग कॉलोनी में स्थित होटल लेक ब्यू के सामने बंदूक से फायर कर रहा था जिसके विरुद्ध पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक के साथ मारपीट, 4 लोगों पर एफआईआर दर्ज

**भिण्ड।** देहात थाना क्षेत्र के बाराकला में पुरानी रंजिश के लोकर चार लोगों ने एकराय होकर एक अधेड़ व्यक्ति को घेरकर मारपीट कर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर उक्त आरोपीगणों पर मामला दर्ज कर लिया है।

## जनसुनवाई से राजकिशोर की राह हुई आसान, मौके पर बनवाया कलेक्टर ने आवेदक पिता, पुत्र दोनों का आयुष्मान कार्ड...



**भिण्ड ।** जनसुनवाई ने अनेक कमजोर परिवारों की राह आसान की है ऐसी ही कहानी है वार्ड क्रमांक 04 खटीक मोहल्ला गोहद निवासी राजकिशोर एवं उनके पुत्र जिगर की, जो मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने बताया कि मैं कई दिनों से आयुष्मान कार्ड के लिए भटक रहा हूं। लेकिन आज तक मेरा आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया। तभी मुझे मेरे मिलने वालों ने सलाह दी कि कलेक्ट्रेट में प्रति मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित होता है, आप जनसुनवाई में अपनी शिकायत करें तो अवश्य निराकरण होगा। मैंने मंगलवार को अपनी शिकायत जनसुनवाई के माध्यम से कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के समक्ष रखी तो जनसुनवाई के अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में लगाए जा रहे आयुष्मान कैंप के माध्यम से कलेक्टर ने मेरा आयुष्मान कार्ड बनवाकर तत्काल निराकरण करवाया। मेरा आज के आज ही आयुष्मान कार्ड के लिए पंजीयन हो गया आयुष्मान कार्ड पाकर राजकिशोर की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा उनके एक बेटे का भी आयुष्मान कार्ड भी बन गया, वह आज बहुत खुश हैं। राजकिशोर बताते हैं कि उनके पुत्र जिगर जिसकी दोनों उंगली आपस में जुड़ी हुई हैं और मेरी आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है और वह काफी दिनों से परेशान थे। राजकिशोर ने बताया कि उनका आयुष्मान कार्ड ना होने के कारण बहुत ही असुविधा हो रही थी। मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने राजकिशोर के आवेदन पत्र को तत्काल संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभाग को निर्देशित किया एवं राजकिशोर का स्वयं एवं उनके एक पुत्र का आयुष्मान कार्ड हेतु पंजीयन मौके पर ही करवाकर उन्हें सौंप दिया। राजकिशोर अत्यधिक खुश होते हुए कहते हैं कि सरकार की इस तरह की नीति और ऐसे अधिकारियों के कारण ही हम सबको अपनी परेशानियों से निजात मिल रहा है। राजकिशोर शासन एवं जिला प्रशासन का धन्यवाद करते हुए कहते हैं कि आयुष्मान निरामय योजना कमजोर वर्ग के लोगों के लिये वरदान साबित हो रही है।

## समाजसेवी डॉ विनय कुमार जैन की प्रथम पुण्यतिथि पर रत्नत्रय विधान एवं ब्लड डोनेट कैंप का हुआ आयोजन

**गोरमी।** नगर में मंगलवार के दिन समाजसेवी डॉ विनय कुमार जैन की प्रथम पुण्यतिथि पर रत्नत्रय विधान एवं ब्लड डोनेट कैंप का आयोजन किया गया जिसमें नगर के वरिष्ठ समाजसेवी तथा महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और ब्लड डोनेट कैंप को सफल बनाया डॉ जैन के पुत्र इंजीनियर सौरभ जैन और डॉ दीपक जैन




ने कहा कि हमारे पिताजी समाजसेवी थे तथा हर समाज के लोगों के लिए उन्होंने अपने जीवन में कुछ ना कुछ कार्य किए जिससे कि हर समाज के लोगों का अपार स्नेह मिलता था आज उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर नगर में प्रथम बार ब्लड डोनेट कैंप लगाया गया है जिसमें हर समाज के लोग करीब आधा सैकड़ा से अधिक लोगों ने अपना ब्लड डोनेट किया और कहा कि हमारा ब्लड अगर किसी जरूरतमंद के काम आ सके तो यह बहुत ही बड़ी पुण्य की बात होगी तथा भिंड ग्वालियर अंबाह पोरसा से आए डॉक्टर जैन के संपर्क के लोगों ने भी ब्लड डोनेट किया तथा सौरभ जैन और डॉ दीपक जैन द्वारा ब्लड डोनेट करने वाले महानुभाव को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर डॉ अनिल जैन प्रमोद जैन डब्बू जैन जैन सुनील जैन पंडित जी विजय जैन प्रदीप जैन राजकुमार जैन बड़े जयकुमार जैन पत्रकार डॉ रंजीत छाबड़ा वीरेंद्र बंसल विवेक अवस्थी भीष्म प्रताप सिंह भदोरिया कमल किशोर दीक्षित सतीश जैन चेतन जैन अतुल जैन विवेक जैन मीरा जैन (पत्नी )रेनू जैन सोनल जैन बबिता जैन संध्या जैन श्रद्धा जैन आदि लोग मौजूद रहे।

## तीन व्यक्तियों को उपचार हेतु 2 लाख 10 हजार की सहायता स्वीकृत

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल के आदेशानुसार मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान योजनान्तर्गत तीन व्यक्तियों/चिकित्सको को स्वेच्छानुदान राशि स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बेबी नव्या भदौरिया आत्मज प्रदीप भदौरिया निवासी ग्राम चन्द्रपुरा पो.सौधा तहसील मेहगांव जिला भिण्ड को उचार हेतु 30 हजार रूपये, रहीशंकर शर्मा आत्मज गयाराम शर्मा निवासी चितोरा भिण्ड को उपचार हेतु 1 लाख रूपये एवं देवेन्द्र शर्मा पुत्र रामबहादुर शर्मा निवासी वार्ड क्र.35 भदावर कॉलौनी भिण्ड को उपचार हेतु 80 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

## कलयुग में भागवत में हर मनुष्य की समस्या का समाधान : आचार्य विमल कृष्ण शास्त्री



**मेहगांव।** मेहगांव के कनाथर में चल रही भव्य व दिव्य भागवत महापुराण की छटवे दिवस की कथा में कथा वाचक आचार्य पंडित विमल कृष्ण महाराज ने आज की कथा में भगवान कृष्ण और रुक्मिणी जी के विवाह का उत्सव सभी श्रोताओं ने झूम कर मनाया। कथा वाचक विमल कृष्ण महाराज ने बताया कि भगवान कृष्ण के रुक्मिणी जी के अलावा 16 हजार 108 रानियों के साथ विवाह हुआ। भगवान ने उपेक्षित और बन्दी महिलाओं के साथ विवाह कर उनके जीवन को धन्य कर दिया। कथा में भगवान के अवतार, और चरित्र का विस्तार से वर्णन कर समस्त क्षेत्रवासियों को भागवत कथा का लाभ दिया। आचार्य लला पंडित जी ने बताया कि कल सुदामा चरित्र और भगवान कृष्ण और सुदामा के मित्र धर्म की एवं भागवत कथा का सार की कथा होगी। आज की कथा को श्रवण करने क्षेत्र के 3 हजार से भी अधिक लोग पहुचे दूर दूर से पधार रहे है तथा ऑनलाइन यूट्यूब के माध्यम से भी लाखों लोग कथा से जुड़ रहे है। आचार्य लला पंडित जी ने बताया है कि कलयुग में मोक्ष, ज्ञान और सांसारिक व मानव जीवन में भागवत का विशेष महत्व है जिसे सुनकर हम धर्म परायण होकर बहुत पुण्य प्राप्त कर सकते है।

## 17 नवम्बर को कोविड टीकाकरण महा-अभियान के दूसरे डोज के लिए जिले में 186 वेक्सीनेशन केन्द्र निर्धारित

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशन में कोविड टीकाकरण महाअभियान के अन्तर्गत 17 नवम्बर 2021 को वैक्सीन का द्वितीय डोज लगवाने के लिए जिले में ब्लॉक भिण्ड अर्बन, फूप, मेहगांव, रौन, लहार, गोहद एवं अटेर में 186 टीकाकरण केन्द्र निर्धारित किये गये है। जिन व्यक्तियों के दूसरे डोज नहीं लगे है वे अपने नजदीकी केन्द्र पर जाकर वैक्सीन का दूसरा डोज लगवाये।

17 नवम्बर 2021 को वेक्सीन के दूसरे डोज लगाने के लिए जिले में निर्धारित किये गये केन्द्रों में भिण्ड शहरी अन्तर्गत वार्ड क्र.6, 10, 11, 22, 25,30, 39, ट्रामा सेंटर डिस्टिक हॉस्पीटल, विक्रमपुरा यूपीएचसी, सिविल डिस्पेषरी, भवानीपुरा यूपीएससी, भिण्ड जिला अस्पताल रेन बसेरा, अम्बेडकर नगर संजीवनी क्लीनिक, भिण्ड ग्रामीण अन्तर्गत परसोना अन्तर्गत परसोना, नगर पंचायत अकोडा अन्तर्गत एसएचसी, वार्ड क्र.12, वार्ड क्र.10, उमरी, अकाहा, चरथर, नुन्हाटा, जामना, नयागांव, जखमोली, ओझा, भदाकुर, फूप वार्ड क्र.10, बबेडी, कटनापुरा, निबुआपुरा, भोनपुरा, कनकपुरा, ज्ञानपुरा, सपाड, सुल्तानसिंह का पुरा, बिरधनपुरा, दीनपुरा, कुम्हरौआ, भटमासपुरा, कोट, विलाव, खरिका, किन्नोठा, मीसा, गोरमी अन्तर्गत सिकरोदा, हरीक्षा, कचनावकला, सिलोली, नगर पंचायत गोरमी के वार्ड क्र.3पीएचसी, वार्ड क्र.13,सुकाण्ड, आरोली, मेहगांव अन्तर्गत सीएचसी अमायन, खेरिया सिंध, अकलोनी, नुन्हड, बहुआ, मोरोली, गहेली, धौरका, मानहड, लावन, भारोली खुर्द, कछार, पचेरा, खरिपुरा, मेहगांव नगर पंचायत के वार्ड क्र.8 सीएचसी, वार्ड क्र.5, डगर, सिलोली, गोअर, बडेरा, बरहद, इगोसा, रायपुरा वैक्सीनेशन केन्द्र बनाये गये है।

इसीप्रकार रौन अन्तर्गत मेहदा, गोरई, दुबका, नौधा, ररूआ नं.1, पधोरा, बहादुरपुरा, सीएचसी रौन, मेटरनिटी वार्ड सीएचसी रौन, चौकीपुरा, पीएचसी मिहोना, मिहोना वार्ड क्र.4, खितोली, निवसाई, मेहरा खुर्द, पीएचसी मछण्ड, बोनापुरा, लहार अन्तर्गत भीकमपुरा, हीरापुरा, सिविल हॉस्पीटल लहार, वार्ड क्र.12 लहार, असवार, चिरोली, चुरूली, पीएचसी आलमपुर, शाहपुरा नं.2, ररूआ नं.2, फरदुआ, अखदेवा, सोसरा, पीएचसी दबोह, ज्ञानपुरा, परेछा, खजूरी, रहावली उवारी, मल्लपुरा, श्यामपुरा, सुन्दरपुरा, बरेहट, अधियारी नं.2, बेलमा, गोरा, लिलवारी एवं डूढा, गोहद अन्तर्गत यूपीएचसी गोहद, वार्ड क्र.10, वार्ड क्र.5, सीएचसी गोहद, वार्ड क्र.2, छीमका, वार्ड क्र.17, इटायदा, डिरमन, पिपरसाना, पाली (डिरमन), चितोरा, फतेपुर, बिरखडी, भगवासा, भगवासा, कठवां गुर्जर, निवरोल, गिरवासा, धमसा, सर्वा, पीएचसी मालनपुर, लहचूरा, कठवां हाजी, तुकेडा, ऐचाया, आलोरी, चंदोखर, आनो, ऐडोरी, भोनपुरा, छरेटा, शेरपुर, नोनेरा, टेटोन, मौ अन्तर्गत गुहीसर, रसनोल, नेनोली, सिनोर, सीएचसी मौ, वार्ड क्र.6,10 एवं रतवा, बरोही अन्तर्गत बरोही, महापुर, पिडोरा, धरई, गोअरखुर्द, बिछोली, अटेर अन्तर्गत जम्होरा, विण्डवा, सिमराव, कुरथरा, कदोरा, गडेर, सुरपुरा, मधैयापुरा, जोरी अहीर, रानीपुरा, परियाया, बिजोरा, निवारी, नरसिंहगढ, मृगपुरा, देपुरा, परा, उदोतपुरा, मसूरी, पाली, जमसारा, जोरी कोतवाल, खादित एवं शुक्लपुरा में वेक्सीनेशन केन्द्र बनाये गये है।

## आज जिले में कोविड वैक्सीन द्वितीय डोज टीकाकरण महाअभियान का आयोजन

**भिण्ड ।** कोविड वैक्सीन टीकाकरण अंतर्गत आज द्वितीय डोज टीकाकरण महाअभियान का प्रदेश के साथ जिले में भी वृहद स्तर पर आयोजन किया जा रहा है इसके साथ निरन्तर भी कोविड टीकाकरण जारी है। टीकाकरण अभियान अंतर्गत कोविड वैक्सीन के द्वितीय डोज हेतु ड्यू व्यक्तियों के टीकाकरण का वृहद् अभियान चलाया जायेगा। कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने सभी जिले वासियों से अपील है कि द्वितीय डोज हेतु ड्यू सभी आमजन अनिवार्य रूप से कोविड वैक्सीन का द्वितीय डोज अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर लगवाये। जिन्हें कोविड वैक्सीन कोविशील्ड का पहला टीका लगवाये 84 दिन या उससे अधिक समय हो गया है तथा जिन्हें कोवैक्सीन का पहला टीका लगवाये 28 दिन या उससे अधिक समय हो गया है ऐसे सभी व्यक्ति अनिवार्य रूप से अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर पहुँच अपना टीकाकरण अनिवार्य रूप से करवाये। कलेक्टर ने कहा कि कोविड-19 संक्रमण से पूर्ण सुरक्षा हेतु दो डोज लगवाना आवश्यक है। इसके लिए जिले में निरन्तर टीकाकरण हो रहा है। जिले के सभी नागरिक नजदीक के टीकाकरण केन्द्रों पर पहुंचकर अपना सेकंड डोज लगवाना सुनिश्चित कर सम्पूर्ण सुरक्षा प्राप्त करें

# दीपावली से 11 दिन बाद पहाड़ में होती है बूढ़ी दीवाली!

पर्वतीय मूल के लोगो की असली दीपावली इगास पर्व है, जो दीपोत्सव के ठीक ग्यारह दिन बाद मनाया जाता है, जिसे बूढ़ी दीवाली भी कहते है। भगवान श्रीराम के अयोध्या वापस आने की खबर सूदूर पहाडी निवासीयों को ग्यारह दिन बाद मिली थी, और उन्होंने उस दिन को ही दीपोत्सव के रूप में हर्षोल्लास से मनाने का निश्चय किया था, बाद में छोटी दीपावली से लेकर गोवर्धन पूजा तक सबको मनाया जाने लगा, लेकिन ग्यारह दिन बाद की उस दीवाली को पहाड़ के लोगो ने मनाना नहीं छोडा, । पर्वतीय इलाकों को छोड़कर शायद ही किसी ने इगास पर्व के बारे में सुना होगा, आजकल के पर्वतीय मूल के बच्चों को भी इगास पर्व का पता नहीं है कि इगास नाम का कोई त्यौहार भी होता है । पहाडों में दीपावली को लोग दीये जलाते हैं, गौ पूजन करते हैं, अपने ईष्ट और कुलदेवी कुलदेवता की पूजा करते हैं, नयी उडद की दाल के पकौड़े बनाते हैं और गहत की दाल के स्वांले ( दाल से भरी पुड़ी), दीपावली और इगास की शाम को सूर्यास्त होते ही औजी हर घर के द्वार पर ढोल दमाऊ के साथ बडई ( एक तरह की ढोल विधा) बजाते हैं फिर लोग पूजा शुरू करते हैं, पूजा समाप्ति के बाद सब लोग ढोल दमाऊ के साथ कुलदेवी या देवता के मंदिर जाते हैं वहां पर मंडाण ( पहाडी नृत्य) नाचते हैं, चीड़ की राल और बेल से बने भैला ( एक तरह की मशाल ) खेलते हैं, रात के बारह बजते ही सब घरों से इकट्ठा किया गया सतनाजा ( सात अनाज) गांव की चारो दिशा की सीमाओं पर रखते हैं इस सीमा को दिशाबंधनी कहा जाता है इससे बाहर लोग अपना घर नही बनाते। ये सतनाजा मां काली को भेंट होता है। इगास मनाने का दूसरा कारण है गढवाल नरेश महिपति शाह के सेनापति वीर माधोसिंह गढवाल तिब्बत युद्ध में गढवाल की सेना का नेतृत्व कर रहे थे, गढवाल सेना युद्ध जीत चुकी थी लेकिन माधोसिंह सेना की एक छोटी टुकडी के साथ मुख्य सेना से अलग होकर भटक गये सबने उन्हें वीरगति को प्राप्त मान लिया लेकिन वो जब वापस आये तो सबने उनका स्वागत बडे जोरशोर से किया ये दिन दीपोत्सव के ग्यारह दिन बाद का दिन इसलिए इस दिन को भी दीपोत्सव जैसा मनाया गया, उस युद्ध में माधोसिंह गढवाल - तिब्बत की सीमा तय कर चुके थे जो वर्तमान में भारत-तिब्बत सीमा है पहाडी इगास लुप्त होने वाले त्यौहारों की श्रेणी में है, इसका मुख्य कारण बढता बाजारवाद, क्षेत्रिय लोगों की उदासीनता और पलायन है। इस त्यौहार को बूढ़ दवैली, बूढ़ी दिआऊड़ी, दयाउली भी कहा जाता है। इस पारम्परिक आयोजन से जुड़ी किवदंतियां महाभारत व रामायण युग से सम्बन्धित हैं। पहाड़ी इलाकों में श्रीराम के अयोध्या लौटने की खबर देर से पहुंची और तब तक पूरा देश दीवाली मना चुका था फिर भी पहाड़ी निवासियों ने दीपोत्सव मनाया जिसका नाम पड़ गया बूढ़ी दीवाली। बूढ़ी दिवाली आयोजनों में अभिमन्यु के चक्रव्यूह भेदने के दृश्य को खास अंदाज में मंचित किया जाता है। अखाड़े में लोग रस्सियों का एक घेरा बना उसे थामे रहते हैं। बीच में एक व्यक्ति हाथ में लाठी थामे रहता है। निश्चित समय पर संकेत से रस्सी का घेरा तंग किया जाता है बीच में खड़े अभिमन्यु को जकड़ने की कोशिश की जाती है वह घेरा तोड़ने का प्रयास करता है और सफल होकर दिखाता है। यह क्रिया कई बार दोहराई जाती है। इस चक्रव्यूहिक आयोजन में लोग कई बार जख्मी हो जाते हैं। मगर उल्लास और उमंग के वातावरण में कोई परवाह नहीं करता। इससे पहले अमावस की संध्या को टूटी लकड़ियाँ इक्क्ठी की जाती हैं व मेला स्थल दशनामी में रात्रि की पूवार्ध में पूजन कर उनमें आग लगा दी जाती है।

# मैं साल हूं...जंगलों में खड़ा बेमिसाल हूं....

**कमलज्योति**

मैं साल हूँ। साल दर साल जंगलों में खड़ा बेमिसाल हूं। मैंने देखा है वक्त के साथ बहुत कुछ बदला। मैंने भी अपनी शाखाएँ बदली, पत्ते बदले, लेकिन टिका रहा एक ही जगह पर, तब तक जब तक कोई मुझे अपनी जरूरतों के मनमुताबिक ले नहीं गया। मैं साल हूँ। लू के थपेड़ों को सह लेने की शक्ति भी है मुझमें और जड़ से लेकर आकाश की ओर निहारतीं पत्तों की शाखाओं में चींटियों से लेकर पंछियों तक का मुझ पर बसेरा है। मैं जहाँ भी हूँ, जैसा भी हूँ... लिए हुए मुस्कान हूँ। न जानें कितनी पीढियां गुजर गई है। बहुत से लोग आए और चले गए। मैं उनके जीवन का जैसे हिस्सा बन गया। सबके काम आया। मैं किताब के पन्नों की तरह खुला हुआ था। जिन्होंने भी इन पन्नों को पढ़ा, वे मुझे समझते गए। मैं उनकी संस्कृति का भी हिस्सा बन गया। मुझे उन्होंने अपने सुख-दुख में शामिल कर रहन-सहन, तीज-त्यौहार से भी जोड़ दिया। मैं ही विकसित संस्कृति तो कहीं परम्परा की पहचान हूँ। मैं विकास की गाथा में शामिल अनगिनत कहानियों की दास्तान और मिसाल हूं। मैं साल हूँ। बेमिसाल हूं...

जी हाँ, यह साल है। साल यानी सरई, सखुआ और न जाने स्थानीय लोग इसे क्या-क्या नाम से जानते-पहचानते हैं। साल जिसका वैज्ञानिक नाम सोरिया रोबस्टा है। अपनी सैकड़ों खूबियों की वजह से आज यह वृक्ष न सिर्फ पवित्र माना जाता है, यह पूजनीय भी है। आदिकाल से यह मानव जाति के विकास की गाथा को आगे बढ़ाने के साथ आर्थिक मजबूती में भी अपनी सहभागिता देता चला आ रहा है। आज भले ही शहरों में रहने वाले युवा पीढ़ी पीपल, बरगद आंवला जैसे पेड़ो को पूजनीय समझते होंगे, लेकिन जो कभी जंगलों के आसपास रहे। जंगलो में गए। वे साल या सरई को भलीभांति जानते समझते हैं। यह साल का वृक्ष छत्तीसगढ़ राज्य की पहचान है। इसलिए इसे छत्तीसगढ़ का राजकीय वृक्ष भी घोषित किया गया है। सरगुजा से लेकर बस्तर तक साल वृक्षों की न सिर्फ मौजूदगी है, अपितु पहाड़ियों के सुरक्षा घेरा के रूप में यह पवित्र वृक्ष जैव विविधता को संतुलित रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। छत्तीसगढ़ ही नहीं अन्य राज्यों में भी साल वृक्ष की संख्या वहा की एक जीवन रेखा की तरह है। मानसून को राह दिखाने से लेकर उसे गतिशील बनाने में साल वृक्ष की भूमिका को महत्वपूर्ण माना जाता है। सर्वाधिक औसत उम्र वाले साल वृक्ष को पवित्र मानने की वजहें भी बहुत होंगी। हमें भी समझना होगा कि हम उन्हीं वृक्षों की सेवा करते हैं, पूजा करते हैं जो हमारे लिए लाभदायक है। जनजाति समाज के लोगों की मानें तो यह वृक्ष अकाल के समय अपने बीजों की संख्या बढ़ाकर अधिक पौधे उगाने में भी मदद करता है। यह अकाल को प्रभावित करता है। मौसम की मार सहने और विपरीत परिस्थितियों में भी खड़े रहने की क्षमताएं इन्हें और भी खास बना देता हैं। साल की अपनी विशिष्टता की वजह से जनजाति समाज इन्हें पूजता आया है। सरई का फूल खिलते ही मध्य भारत में आदिवासी समाज द्वारा सरहुल का उत्सव उत्साह के साथ मनाया जाता है। अपनी विशिष्टता की वजह से भले ही साल वृक्ष की पूजा होती है, यह भी सच है कि इनकी अहमियत और उपयोगिता की वजह से साल के जंगल सिमटते जा रहे हैं। साल की लकड़ियों की मांग होने और उपयोगी होने की वजह से रेल पटरी के स्लीपर, फर्नीचर में इसका बहुतायत इस्तेमाल होने लगा था। जिस तरह देश की आजादी के लिए असंख्य लोग बलिदान हो गए उसी तरह अंधाधुंध विकास और साज सज्जा से लेकर मकान और लकड़ियों के सामान बनाने में सरई वृक्षों को अपनी बलिदानी देनी पड़ी। इस दौरान भी यह वृक्ष बहुतों के रोजगार से लेकर देश के विकास में काम आता रहा।

धरती को हरियाली और ठण्डक प्रदान करने वाले यह साल के वृक्ष प्राकृतिक रूप से अपने पौधों को उगाते आये हैं। जंगलों को घने जंगलों में बदल देने वाले साल वृक्षों के आसपास धरती के नीचे भारी मात्रा में लौह सहित अन्य अयस्क, खनिज भण्डार की मौजूदगी के प्रमाण है। असंख्य पशु-पक्षियों, कीड़े-मकोड़े को वास देने वाले साल वृक्षों के पत्तों में विशेष प्रकार की लाल चींटियों का भी वास होता है। बोड़ा व फुटू भी इन्हीं साल वृक्षों के नीचे प्राकृतिक रूप से पैदा होने वाले उपयोगी और कीमती खाद्य सामग्री है। बस्तर के इलाकों में अध्ययन कर क्षेत्र को नजदीक से समझने वाले डॉ. नरेश साहू का कहना है कि जनजाति समाज की अपनी संस्कृति और परम्परा है। आदिकाल से वे जिन स्थानों पर निवास करते आए हैं, वहां पर उन्होंने पर्यावरण के साथ अपना सहजीवन स्थापित किया है। अपने आसपास बहने वाली नदियों, पर्वतों, पेड़-पौधों और जीव-जंतु को अपने जीवन का आधार मानते हुए प्रकृति की पूजा भी करते रहे हैं। साल जैसे वृक्ष वनाचंल की पहचान है। वैसे में स्वाभाविक है कि इनके आसपास रहने वाले जनजाति समाज साल की उपयोगिता की वजह से इन्हें देवतुल्य मानते हैं। बलरामपुर जिले के श्री बंसत कुजूर ने बताया कि बारिश के मौसम से पूर्व सरहुल का महोत्सव मनाकर प्रकृति व साल वृक्ष की पूजा करते हैं। साल बीज का उपयोग भी अलग-अलग कार्यों में होता है। जंगल में मिलने वाले फलों को खाने से पहले भी पूजा की जाती है।

**आदिवासियों की आमदनी का भी है बेहतर जरिया:** साल या शोरिया रोबस्टा छत्तीसगढ़ के बड़े भू भाग में फैला हुआ है। प्रदेश के 40 प्रतिशत से अधिक वन क्षेत्र साल के हैं। बस्तर में वनों का द्वीप साल को आदिवासी समाज कल्प वृक्ष और पूजनीय मानते हैं। यह जंगल में रहने वाले आदिवासियों के जनजीवन से जुड़ा है और इनसे उन्हें आधा दर्जन से अधिक उत्पाद इमारती और जलाऊ लकड़ी, दातून, दोना, पत्तल,साल बीज भी मिलते है जो इनकी आर्थिक आय का जरिया है। आदिवासी समाज आदिकाल से साल वृक्ष से जीवंत जुड़कर उनसे लाभ अर्जित करने के साथ अपनी संस्कृति और विकास गाथा में समाहित किए हुए हैं। सरहुल, गौर, करमा, सैला सहित अन्य नृत्य कर वे अपनी संस्कृति और परम्परा को भी आगे बढ़ाते चले आ रहे हैं।

**गाँव के लोग करते है पूजा ऐतिहासिक साल वृक्ष की:** छत्तीसगढ़ में साल वृक्षों की पूजा आदिकाल से होती आ रही है। कोरबा जिले में जल,जंगल और विपुल मात्रा में खनिज संसाधन मौजूद है। यहाँ राज्य के सबसे प्राचीन साल वृक्ष की पहचान भी की गई है। डुबान क्षेत्र सतरेंगा के पास लगभग 1400 से 1500 साल के बीच आयु वाले साल वृक्ष की पहचान वन विभाग द्वारा विशेषज्ञों के माध्यम से की गई है। इस महावृक्ष की लंबाई 28 मीटर से अधिक है। आसपास के ग्रामीण किसी प्रकार के शुभ कार्यों में भी इस वृक्ष की पूजा करते हैं। कोरबा के ग्राम मातमार में भी लगभग 1 हजार साल पुराने साल वृक्ष का पता लगाया गया है। धमतरी जिले के दुगली में भी लगभग 418 साल पुराना वृक्ष है। जिसे मदर ट्री और सरई बाबा के रूप में पहचाना जाता है। वन विभाग द्वारा इन वृक्षों को संरक्षित करने सुरक्षा का आवश्यक प्रबंध भी किया गया है। छत्तीसगढ़ ही नहीं देश के कई हिस्सों में आदिवासी समाज सहित अन्य समुदाय के लोग भी आदिकाल से साल जैसे वृक्षों की पूजा करने के साथ अपनी खुशियों को इन वृक्षों के आसपास नृत्य के माध्यम से व्यक्त करते हैं।

**साल के वृक्षों से बने जैतखाम की होती है पूजा:** साल अथवा सरई के वृक्ष की लकड़ियों से तैयार जैतखाम की पूजा भी सैकड़ों वर्षों से होती आ रही है। बाबा संत गुरूघासी दास के संदेश को जीवंत करते हुए सतनाम का संदेश देने वाले जैतखाम की स्थापना छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में की गई है। समाज के जानकारों का कहना है कि सरई के वृक्ष की लकड़ी से तैयार जैतखाम की स्थापना कर वे अपने गुरू बाबा की पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। हालांकि कुछ वर्षो से पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखते हुए लकड़ी की जगह सीमेंट से जैतखाम तैयार किया जा रहा है। प्रदेश में अनेक जैतखाम आज भी मौजूद है जो सरई की लकड़ियों से तैयार हुए है। सरई वृक्ष की महत्ता और आस्था समाज के लोगों में बनी हुई है।

**पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं साल के घने जंगल:** सरगुजा से लेकर बस्तर तक फैले साल के घने जंगलों से प्रदेश की जलवायु शांत और शीतल बनी रहती है। साल के हरे-भरे जंगलों से दूर तक हरियाली नजर आती है। बाहर से आने वाले पर्यटक जब रास्तों से गुजरते हुए साल के घने जंगलों को देखते हैं तो उन्हें एक अलग सुखद अनुभूति होती है।

## अधोसंरचना विकास

जनजातीय छात्रावास, आश्रम और शाला भवनों के निर्माण के लिए गत डेढ़ वर्ष में 387 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। पिछले वित्त वर्ष में अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्रों में 15 नवीन महाविद्यालय और छात्रावासों की स्वीकृति प्रदान की गई है और 8 जिलों के 370 विद्यालयों में 22 करोड़ रुपये से अधिक लागत की स्मार्ट क्लॉसेस स्वीकृत की गई है।

**जनजातीय बालिकाओं की समग्र शिक्षा:** अनुसूचित जनजाति की बालिकाओं की समग्र शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए 82 कन्या शिक्षा परिसरों की स्वीकृति प्रदान की गई है। रुपये 390 करोड़ की लागत से 27 नये एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों का निर्माण किया जा रहा है। विशेष पिछड़ी जनजाति के विद्यार्थियों के लिए 4 विशेष आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। जनजाति बहुल जिले धार, बैतूल एवं बड़वानी में नये फूड क्रॉफ्ट इंस्टीट्यूट की स्थापना भारत सरकार के सहयोग से की जा रही है। प्रदेश के 33 आवासीय विद्यालय में सुसज्जित कम्प्यूटर लैब तैयार किए गए हैं, जिनमें विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी का ज्ञान प्राप्त हो रहा है। विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल 15 जिलों की 38 आश्रम-शाला में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्री-प्रायमरी कक्षाओं का संचालन प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में 713 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के नये 214 सीनियर कन्या एवं बालक छात्रावास एवं 409 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 189 नये हायर सेकेण्डरी स्कूल के निर्माण की स्वीकृति दी गई है।

# जेल में शहादत दी थी बिरसा मुंडा ने

**निलय श्रीवास्तव**

भारतीय पौराणिक कथाएं और इतिहास साक्षी है कि भारत की जन्म और भव्य पावन संस्.ति पर जब जब प्रहार हुआ तब -तब कालजयी महामानवों ने इस धरा पर जन्म लेकर उसे प्रहार मुक्त किया। इसी संदर्भ में हम स्मरण करते हैं ब्रिटिश हुकुमत के खिलाफ युद्ध का शंखनाद करने वाले क्रांतिवीर बिरसा मुंडा का। बिरसा ने अपने छोटे से जीवन में जितना संघर्ष किया वह अकल्पनीय है। अंग्रेजी हुकुमत को बिरसा से खतरा महसूस होता था। तरह-तरह से षडयंत्र रचकर बिरसा को लड़ाई पर विराम लगाने के लिये विवश किया जाता पर बिरसा ने कभी हार नहीं मानी। उनकी लड़ाई कभी खत्म नहीं हुई। बिरसा अंग्रेजी हुकुमत के आगे झुके नहीं । लेकिन फिर एक समय ऐसा आया जब बिरसा की जेल में शहादत हो गयी।

अमर शहीद बिरसा मुंडा का संपूर्ण जीवन भारत देश के लोगों के लिए प्रेरणादायी है। सन् 1895 में जब लोकमान्य तिलक का नारा श्श्स्वराज्य हमारा जन्मसिद्ध अधिकार हैश्श्देश में चारों ओर गूंज रहा था, उसी कालखंड मे बिहार के छोटा नागपुर में पिछड़े,दरिद्र और वनवासी क्षेत्र के एक युवक ने तीर की नोंक पर स्वराज्य की घोषणा कर दी थी। इस विद्रोही तूफान का नाम था बिरसा मुंडा। उन्नीसवीं सदी के अंत में छोटा नागपुर के पहाड़ी इलाकों में क्रांतिकारी टेर गूंज रही थी,श्श्अबुआ राज एते जाना,महारानी राज टुंडु जाना।श्शसिंहनाद की तरह पूर्वी भारत से उठे इस आव्हा ने ब्रिटिश सरकार को थर्रा कर रख दिया था। अंग्रेजी सिपाहियों के जुल्मों से त्रस्त भारतीय लोगों की आंखों में बिरसा ने आजादी का सपना संजोया था,यही कारण है कि उसके नाम के साथ भगवान शब्द जुड़ गया था। अपने अद्भुत शौर्य एवं कार्य से वह क्रांतिकारियों का भगवान बन गया था। उस युग में जब ब्रिटिश सरकार के खिलाफ कुछ भी कहना या लिखना अपराध समझा जाता था। सिर्फ भारत माता की जय बोलने पर ही जेल में डाल दिया जाता था,गोली से उड़ा दिया जाता था,उन्हीं दिनों सन् 1894 में अकाल पड़ा था। मुट्ठी भर अनाज के लिये मोहताज छोटा नागपुर के रहवासी बेर और जामुन के पेड़ों की छाल को उबाल कर पी लिया करते थे दूसरी ओर अंग्रेज सिपाही यथासमय मालगुजारी वसूल करने आ जाते,न मिलने पर अत्याचार करते। घर में घुस घुसकर औरतों के गहने छीनते और गहने न मिलने पर महिलाओं के साथ अनाचार करते। बिरसा ने यह सब देखा तो भारतीय युवाओं को ललकारा और कुल्हाड़ी के एक वार से ही हेड कान्सटेबल यूसूफ खान का सिर धड़ से अलग कर डाला। कान्सटेबल गुलाब सिंह ने गोली चलानी चाही तो तीर के विष ने उनका काम तमाम कर दिया। बाकी पुलिस वाले अपनी जान बचाकर भाग गए। छोटा नागपुर के इतिहास में गोरे आंतक के हिंसक विरोध की यह अभूतपूर्व घटना थी। जहाँ यह घटना हुई वह क्षेत्र रांची मुख्यालय के अंतर्गत आता था। उस समय रांची के डिप्टी कमिश्नर एच सी स्ट्रीट फील्ड थे। उन्होंने बिरसा मुंडा के विरूद्ध वारंट जारी कर दिया। बिरसा ने चलकद में स्वराज का उद्घोष किया और सिंह गर्जना की श्श्अब वह दिन दूर नहीं जब पादरी और अंग्रेज हमारे चरणों पर गिरकर अपने प्राणों की भीख मांगेगे। आओ सब एकजुट हो जाओ,अब हमारा राज्य आने वाला है।श्श् इसी के साथ बिरसा ने अंग्रेजों के खिलाफ असहयोग आंदोलन की घोषणा कर दी। उसने वनवासियों से फसल न बोने को कहा। 11 अगस्त 1897 के दिन बिरसा मुंडा 400 आदिवासियों को साथ लेकर श्श्खूंटीश्श् पहुँचा। अंग्रेजी सरकार के खेमे में दहशत तो थी ही, उसने भरपूर सुरक्षा का इंतजाम कर रखा था। गोली चलनी शुरु हुई तो तीरों ने मिनटों में ही थाने को मरघट बना दिया। धधकते ज्वालामुखी से निकले लावे की तरह तीरों की वर्षा ने न जाने कितने सिपाहियों का ढेर लगा दिया। रांची के डिप्टी कमिश्नर सर .ए फोरबेस को आदेश दिया गया कि वे बिरसा मुंडा को जिंदा या मुर्दा पकड़ें और इस क्रांति का नामोनिशान मिटा दें। उधर घना जंगल राज कायम हो गया था। बंदगांव, तोरपा,मुरहु के अलावा जशपुर,रायपुर, आदि के हजारों वर्ग किलोमीटर क्षेत्र तक बिरसा का राज कायम हो चुका था। विद्रोह का सिलसिला और आगे बढ़ा। अंग्रेजी हुकुमत के लिए कहर बने बिरसा मुंडा ने 25 दिसंबर 1899 को सेना की एक टुकड़ी लेकर सखादाग मिशन हाते पर चढ़ाई कर दी। मिशन का परिसर जला दिया गया।

# जनजातीय विद्यार्थियों को सुलभ और उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर

## सूडोकु नवताल- 5894

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5893 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

**अतुल खरे**

प्रदेश में अनुसूचित जनजातियों की बड़ी आबादी निवास करती है। जनजातीय समाज के समग्र विकास के लिए केन्द्र और राज्य सरकार सदैव कटिबद्ध रही है। राज्य सरकार ने सर्वांगीण विकास की राह प्रशस्त करने के लिए इस वर्ग के शैक्षणिक विकास पर विशेष ध्यान दिया है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का कहना है कि व्यक्ति और समाज के सामाजिक और आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए अच्छी शिक्षा बहुत आवश्यक है। उन्होंने हमेशा माना है कि हमारे जनजातीय समुदाय में प्रतिभा की कमी नहीं है। राज्य सरकार का प्रयास रहा है कि एक भी विद्यार्थी को शिक्षा प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो। हर छात्र के लिए शिक्षा सुलभ हो। प्रतिभाओं को आगे बढ़कर उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए अच्छा वातावरण मिले। इसी भाव से राज्य सरकार ने अनुसूचित जनजातियों के शैक्षणिक विकास के लिए अनेक योजनाओं और कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन किया है।

**जनजातीय विद्यार्थियों के लिए सर्व-सुलभ शिक्षा:** राज्य सरकार की नीति और दृढ़ इच्छा-शक्ति के सुपरिणाम भी सामने आने लगे हैं। अनुसूचित जनजाति वर्ग में अनेक प्रतिभाओं ने आगे बढ़कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। शिक्षा की सार्वभौमिकता ने सम्पूर्ण अनुसूचित जनजाति समाज को राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उन्नति के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए हैं। अनुसूचित जनजातीय समाज के लिए जहाँ एक ओर ग्रामीण क्षेत्रों और शहरों में आसानी से शिक्षा प्राप्त करने के अवसर बढ़े हैं, वहीं प्रतिभावान विद्यार्थी राज्य सरकार की योजना का लाभ लेकर विदेशों में भी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

**बजट के साथ शिक्षण संस्थाओं में आशातीत वृद्धि:** प्रदेश में जनजातीय कार्य विभाग का बजट वर्ष 2003-04 में लगभग 746 करोड़ रूपए था, जो अब बढ़कर 8 हजार करोड़ रूपए से भी अधिक हो गया है। विगत 17 वर्षों में प्रदेश में जनजातीय क्षेत्रों में प्राथमिक शालाओं की संख्या में 81 प्रतिशत, माध्यमिक शालाओं की संख्या में 55 प्रतिशत, हाईस्कूल की संख्या में 112 प्रतिशत, हायर सेकण्ड्री स्कूल की संख्या में 81 प्रतिशत और कन्या शिक्षा परिसरों की संख्या में 2633 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। छात्रावासों और आश्रमों में रहने वाले जनजातीय विद्यार्थियों की शिष्यवृत्ति की दरें राज्य सरकार ने बढ़ाई हैं। ये दरें बालकों के लिए 1230 रुपये से बढ़ाकर 1300 रुपये प्रतिमाह और बालिकाओं के लिये 1270 रुपये से बढ़ाकर 1340 रुपये प्रतिमाह की गई है। प्राथमिक कक्षाओं में अध्ययन करने वाली जनजातीय वर्ग की बालिकाओं की छात्रवृत्ति 15 रुपये प्रति विद्यार्थी प्रतिमाह से बढ़ाकर 25 रुपये की गई है। कक्षा 6वीं की बालिकाओं की छात्रवृत्ति 50 रुपये प्रति विद्यार्थी प्रतिमाह से बढ़ाकर 60 रुपये की गई है। प्रदेश के 9 लाख 98 हजार विद्यार्थियों को 153 करोड़ रुपये से अधिक की प्री-मेट्रिक छात्रवृत्ति और 2 लाख 48 हजार विद्यार्थियों को 381 करोड़ रुपये से अधिक की पोस्ट-मेट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान की गई है।

**जनजातीय विकासखण्डों में पायलेट प्रोजेक्ट:** कक्षा 9वीं से 12वीं की शिक्षा अधिक से अधिक विद्यार्थियों को मिले, इस उद्देश्य से प्रदेश के 5 जनजातीय विकासखण्डों में घर से स्कूल तक विद्यार्थियों को शाला लाने-ले जाने का पायलट प्रोजेक्ट आगामी-सत्र से प्रारंभ किया जा रहा है। जनजातीय विद्यार्थियों, जिन्हें छात्रावास में आवासीय सुविधा नहीं मिल पाती है, उन्हें संभागीय मुख्यालयों पर किराये के आवास में रहने के लिए सहायता दी जाती है। आवास सहायता योजना में पिछले 18 माह में एक लाख 26 हजार से अधिक विद्यार्थियों को 207 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी गई है। आकांक्षा योजना में 721 विद्यार्थियों को कोचिंग सुविधा प्रदान की गई, जिसमें 3 करोड़ रुपये से अधिक व्यय किया गया है। इस योजना से जेईई मेन्स, जेईई एडवांस, नीट, क्लेट आदि प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रदेश के 346 जनजातीय विद्यार्थी चयनित हुए हैं। इस वर्ष 724 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। प्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजाति- बैगा का एक छात्र आईआईटी में और एक छात्र एमबीबीएस में अध्ययनरत है। इसी प्रकार एकलव्य आवासीय विद्यालयों के 36 विद्यार्थी जेईई मेन्स में चयनित हुए हैं। प्रतिभा योजना में विगत 18 माह में 170 से अधिक विद्यार्थियों को उच्च शैक्षणिक संस्था में प्रवेश के लिए 58 लाख रुपये से अधिक की प्रतिभा प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है।

# जल जंगल जमीन के अधिकार के आदि प्रवक्ता

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

आज रांची झारखंड की राजधानी है. बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवम्बर 1875 को रांची जिले के उलिहातु गांव में हुआ था . यह तब की बात है जब ईसाई मिशनरियां अंग्रेजी फौज के पहुंचने से पहले ही ईसाइयत के प्रचार के लिये गहन तम भीतरी क्षेत्रो में पहुंच जाया करती थीं वे गरीबों, वनवासियों की चिकित्सकीय व शिक्षा में मदद करके उनका भरोसा जीत लेती थीं. और फिर धर्मान्तरण का दौर शुरू करती थीं. बिरसा मुंडा भी शिक्षा में तेज थे. उनके पिता सुगना मुंडा से लोगों ने कहा कि इसको जर्मन मिशनरी के स्कूल में पढ़ाओ, लेकिन मिशनरीज के स्कूल में पढ़ने की शर्त हुआ करती थी, पहले आपको ईसाई धर्म अपनाना पड़ेगा. बिरसा का भी नाम बदलकर बिरसा डेविड कर दिया गया. 1894 में छोटा नागपुर क्षेत्र में जहां बिरसा रहते थे ,अकाल पड़ा , लोग हताश और परेशान थे. बिरसा को अंग्रेजों के धर्म परिवर्तन के अनैतिक स्वार्थी व्यवहार से चिढ़ हो चली थी. अकाल के दौरान बिरसा ने पूरे जी जान से अकाल ग्रस्त लोगों की अपने तौर पर मदद की. जो लोग बीमार थे, उनका अंधविश्वास दूर करते हुये उनका इलाज करवाया. बिरसा का ये स्नेह और समर्पण देखकर लोग उनके अनुयायी बनते गए . सभी वनवासियों के लिए वो धरती आबा हो गए, यानी धरती के पिता. अंग्रेजों ने 1882 में फॉरेस्ट एक्ट लागू किया था जिस से सारे जंगलवासी परेशान हो गए थे, उनकी सामूहिक खेती की जमीनों को दलालों, जमींदारों को बांट दिया गया था. बिरसा ने इसके खिलाफ 'उलगूलान' का नारा दिया . उलगूलान यानी जल, जंगल, जमीन के अपने अधिकारों के लिए लड़ाई. बिरसा ने अंग्रेजों के खिलाफ एक और नारा दिया, 'अबुआ दिशुम अबुआ राज', यानी अपना देश अपना राज. करीब 4 साल तक बिरसा मुंडा की अगुआई में जंगलवासियों ने कई बार अंग्रेजों को धूल चटाई. अंग्रेजी हुक्मराम परेशान हो गए, उस दुर्गम इलाके में बिरसा के गुरिल्ला युद्ध का वो तोड़ नहीं ढूंढ पा रहे थे. लेकिन भारत जब जब हारा है, भितरघात और अपने ही किसी की लालच से , बिरसा के सर पर अंग्रेजो ने बड़ा इनाम रख दिया . किसी गांव वाले ने बिरसा का सही पता अंग्रेजों तक पहुंचा दिया. जनवरी 1890 में गांव के पास ही डोमबाड़ी पहाड़ी पर बिरसा को घेर लिया गया, फिर भी 1 महीने तक जंग चलती रही, सैकड़ों लाशें बिरसा के सामने उनको बचाते हुए बिछ गईं, आखिरकार 3 मार्च वो भी गिरफ्तार कर लिए गए. ट्रायल के दौरान ही रांची जेल में उनकी मौत हो गई।

# कारखाना आरम्भ करने का मुख्यमंत्री अपना वादा पूरा करें: किसान सभा



## किसानों ने शक्कर कारखाना बेचने का किया विरोध, प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

**कैलारस।** इन दिनों लगातार समाचार पत्रों की सुर्खियों में बना हुआ है कि सरकार कैलारस शक्कर कारखाने को बेचने पर आमादा है उसका आंकलन मूल्य 86 करोड़ रुपए रखा हुआ है। इससे सरकार की नीयत खुलकर सामने आ गई है कि सरकार हजारों करोड़ के शक्कर कारखाने को कौडियों के दाम अपने चहेतों को सौंप देना चाहती है। जब कि कारखाने की भूमि जो लगभग 1 किलोमीटर एमएस रोड पर स्थित है, जिसमें 12 स्क्वायर फुट जमीन की कीमत ही लगभग एक करोड रुपए बाजारू मूल्य है। मंगलवार को कारखाने पर दर्जनों किसानों ने इकट्ठे होकर मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश को तहसीलदार के द्वारा ज्ञापन पत्र भेजा है एवं एक मांग पत्र कारखाने के पारिसमापक को भी भेजा गया है। इस दौरान किसानों ने कारखाना प्रांगण में नारेबाजी करते हुए रैली निकाली और सभा की। सभा को मध्य प्रदेश किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष व माकपा के जिला सचिव गयाराम सिंह धाकड़ एडवोकेट ने संबोधित किया। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि कारखाने की ईट से भी हाथ लगाने की हिम्मत की तो क्षेत्र के किसान सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार रहेंगे। सरकार के मुखिया लगातार क्षेत्र की जनता के बीच में आकर चुनावी सभाओं में कारखाने को पुनः चालू कराने का वायदा करके वोटों की फसल काटकर चुनावी वैतरणी पार करते रहे हैं लेकिन अखबारों में छपी खबरों से उनका असली चेहरा सामने आ गया है। श्री धाकड़ ने सरकार से मांग करते हुए कहा है कि कारखाने को पुनः शुरू कराया जाए, जिससे मुरैना जिले की एक मात्र धरोहर को बचाया जा सके और क्षेत्र के विकास को सुनिश्चित किया जा सके। किसान सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार कारखाने को चलाने की नीयत से कुछेक भूमि प्लाट बनाकर आगे से बेच कर भी करोड़ों रुपए एकत्रित कर सकती है। जिससे सभी देनदारियों को चुकता कर कारखाने में नई मशीनें स्थापित कर कारखाने को शुरू किया जा सकता है, लेकिन सरकार की मंशा के अनुसार कारखाना अपने निजी चहेतों को कौडियों के दाम बेचकर हजारों करोड़ की मुनाफावसूली कर किसानो को गर्त में पहुंचाने की है, जिसे क्षेत्र के किसान कभी भी सफल नहीं होने देंगे। प्रदर्शन के मौके पर किसान नेता कन्हैया लाल धाकड़, सरवन लाल, धाकड़, रघुनाथ धाकड़, भौरू सिंह धाकड़ पूर्व शिक्षक, एसएफआई के संयुक्त सचिव राजवीर सिंह धाकड़, तहसील संयोजक बॉबी धाकड़ और माकपा की कैलारस ग्रामीण इकाई के सचिव सुरेश धाकड़ पूर्व अध्यक्ष सोसाइटी तिलोंजरी, किसान नेता ओम प्रकाश श्रीवास, माकपा जिला सचिव मण्डल सदस्य माकपा के कैलारस नगर सचिव व्यापार मंडल कैलारस के पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# भागवत कथा के समापन पर हुआ विशाल भंडारा



**सबलगढ़।** एक सप्ताह नगर के भोहा वाले हनुमान जी अलखिया खोह के पास चल रही श्रीमद्भागवत कथा का मंगलवार को विधिवत समापन हो गया। प्राचीन भोहा वाले हनुमान जी मंदिर पर 08 नंबर को विशाल कलश यात्रा के बाद श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया, जिसका हवन पूजन उपरांत मंगलवार को विशाल भंडारा संपन्न हुआ, जिसमें करीब 20 हजार से अधिक लोग शामिल हुए। आयोजित इस भव्य कथा का वाचन कथा व्यास भागवताचार्य पंडित ऋषिराज शुक्ल ने किया। कथा में मुख्य यजमान भांतराम प्रजापति विधायक प्रतिनिधी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्रीपंत प्रजापति रहे। श्रीमद्भागवत कथा के इस भव्य आयोजन में मुरैना श्योपुर दोनों जिले के प्रजापति समाज के लोगों सहित भाजपा, कांग्रेस, बसपा सहित सभी दलों के नेता व सबलगढ़ नगर के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## अवैध रूप से रेत उत्खनन के आरोपी को 01 वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड

**मुरैना।** अवैध रूप से रेत का उत्खनन करने के मामले में न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपी रामभरोषी पुत्र बलिराम शर्मा, उम्र 62 वर्ष, निवासी ग्राम सुरजनपुर, जिला मुरैना को भारतीय वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 27 एवं 29 सहपठित धारा 51 में दोषी पाते हुये 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास व 3000-3000/- रूपये अर्थदण्ड व भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 41 सहपठित धारा 42 में छः माह का सश्रम कारावास व 500/- रूपये (कुल 6500/- रूपये) के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। अभियोजन सहायक मीडिया सेल प्रभारी/पैरवीकर्ता अधिकारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि घटना इस प्रकार है कि 19 अप्रेल 2004 को उडनदस्ता दल, टिगरी रिठौरा घाट का भ्रमण करते हुये जब घाट के समीप पटेल का पुरा के पहले पहुंचा तो एक ट्रेक्टर मय ट्राली मय रेत आते हुये देखा, तब उक्त ट्रेक्टर को रोककर उसके ड्राइवर से पूछताछ की तो ड्राइवर रामभरोषी ने यह व्यक्त किया कि ट्रेक्टर ट्राली में रखी हुई रेत वह मंदिर के लिये ले जाने के लिये भरकर लाया है, तत्पश्चात् मौके का पंचनामा बनाया गया, ट्रेक्टर ट्राली मय रेत के जप्त कर जप्ती पंचनामा बनाया गया, वन अपराध प्रकरण कायम किया गया तथा जांच की कार्यवाही की गई। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम व भारतीय वन अधिनियम के तहत माननीय न्यायालय में परिवाद पेश किया गया। न्यायालय द्वारा अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर आरोपी को दण्डित किया गया।

# जनसुनवाई में जिला सीईओ ने 103 शिकायतों को सुना

## सेवानिवृत्त कर्मचारी की समस्या का निराकरण न होने पर पॉलीटेक्निक के प्राचार्य का वेतन रोका



**मुरैना।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 11 से 1 बजे तक जनसुनवाई करने के निर्देश है। निर्देशों के तहत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशन कुमार सिंह और प्रभारी कलेक्टर नरोत्तम भार्गव ने जनसुनवाई में 16 नवम्बर को 103 आवेदनों का सुना, जिसमें 12 आवेदन ऐसे पाये गये, जिनका निराकरण 24 घंटे के अंदर किया जा सकता था। उन आवेदनों को जिला सीईओ ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को वाट्सएप्प के माध्यम से भेजा। अधिकारियों को निर्देश दिये कि हितग्राही को लाभ देकर अगली जनसुनवाई में पूर्ण तैयारी के साथ मुझे अवगत करायें। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि गलत जानकारी बताने या आवेदनकर्ता का समस्याओं का समाधान न होने, उसे जनसुनवाई पुनः आना पडा तो उन अधिकारियों की खैर नहीं होगी। पॉलीटेक्निक कॉलेज के सेवानिवृत्त ईरविन रोबर्ट ने आवेदन प्रस्तुत किया कि मैं 5 अक्टूबर 2021 को, 26 अक्टूबर 2021 को आवेदन प्रस्तुत कर चुंका हूं। जिसमें मेरा चार्ज अभी हस्तानान्तरण नहीं हुआ है, मुझे सेवानिवृत्त के बाद भी अपने कार्य पर पहुंचना प? रहा है। प्राचार्य से कई बार प्रार्थना कर चुंका हूं, किन्तु समस्या का समाधान आज दिनांक तक नहीं हुआ। जिला सीईओ ने आवेदन को गंभीरता से लिया और तत्काल पॉलीटेक्निक प्राचार्य एसके डाबर का वेतन रोकने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जब तक कर्मचारी की समस्या का समाधान नहीं हो जाता, तब तक पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य का वेतन जारी नहीं किया जाये। इसके बाद जिला सीईओ ने भूमि विवाद, नामान्तरण, निर्माण कार्य, रास्ता रोकने संबंधी, शिक्षा, स्थानान्तरण, आंगनवाडी, मध्यान्ह भोजन, पेंशन, आवास, पट्टा आदि के आवेदनों को सुना, उनका बारी-बारी से निराकरण किया। जनसुनवाई के दौरान डिप्टी कलेक्टर सुरेश बराहदिया, निगम, शिक्षा, पीएचई, सामाजिक न्याय, ईआरईएस, पिछडा वर्ग, ग्रामीण विकास से संबंधित जिलाधिकारी हॉल में उपस्थित थे।

# चाइल्ड लाइन 1098 मुरैना द्वारा कराई गयी चित्र कला एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता




**मुरैना।** चाइल्ड लाइन 1098 मुरैना द्वारा 14 नवम्बर से 20 नवम्बर 2021 तक चाइल्ड लाइन से दोस्ती सप्ताह का आयोजन मुरैना जिले मे किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत मंगलवार को ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल अम्बाह मुरैना में बच्चों के साथ चित्र कला एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया और प्रतियोगिता मे उत्तीर्ण बालक बालिकाओ को पुरुस्कार वितरण किये गए एवं साथ ही बच्चों को भ्रमण के माध्यम से बच्चों के भय को दूर करने उदेश्य से थाना अम्बाह ले जा कर सब इंस्पेक्टर विवेक तोमर के द्वारा बच्चों के जिज्ञासु प्रश्नों के जवाब दिए गए और बच्चों को चाइल्ड लाइन से दोस्ती के महत्व को समझाया गया। इस अवसर पर चाइल्ड लाइन टीम कोऑर्डिनेटर जय कुमार चांदिल, सदस्य नितिन शिवहरे, आदित्य सिंह, संजय सिंह, संदीप सिंह, धारा सिंह एवं राकेश भदौरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## आबकारी विभाग ने होटल, ढाबों पर की छापामार कार्रवाही



**मुरैना।** कलेक्टर बी कार्तिकेयन निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी सुश्री निधि जैन के मार्गदर्शन में आबकारी व्रत मुरैना तथा व्रत जौरा में लगातार सघन गश्त तथा दबिश दी जा रही है। गत दिवस मुरैना-धौलपुर हाईवे पर स्थित होटल तथा ढाबों की सघन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार्यवाही कर 21 पाव देशी मदिरा प्लेन जप्त किये गये। मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 की धारा 34(1) के तहत एक प्रकरण तथा एक प्रकरण धारा 36वी का पंजीबद्ध किया गया।

# आवास की समस्याओं को लेकर माकपा ने प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन



**सबलगढ।** विगत कई महीनों से सबलगढ़ के नागरिक आवास स्वीकृति के लिए नगर पालिका के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। आवास स्वीकृत नहीं हुए हैं। जिनके आवास स्वीकृत हैं, उनके लिए किस्ते नहीं डाली जा रही है। यहां तक कि जरूरतमंद लोग आवेदन भी नहीं प्रस्तुत कर पा रहे हैं। इन समस्याओं को लेकर नागरिकों ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के बैनर तले जुलूस निकालकर नगर पालिका परिषद कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान नगरपालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी आरबीएस राजोरिया को 3 सूत्रीय मांग पत्र प्रस्तुत किया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया है। इस आंदोलन का नेतृत्व माकपा के राज्य सचिव मंडल सदस्य अशोक तिवारी पूर्व नपा अध्यक्ष जिला सचिव मंडल सदस्य मुरारी लाल धाकड़ स्थानीय समिति सदस्य इसराइल खान, अरविंद सगर, विशाल जाटव , कोक सिंह, भूरा शर्मा, श्रीमती पुष्पा आदि ने किया। नेता गणों ने चेतावनी दी है यदि मांगे पूरी नहीं हुई तो आगामी 26 नवंबर को अनुविभागीय अधिकारी के कार्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जाएगा। माकपा नेताओं ने कहा है कि एक और प्रदेश सरकार सभी को आवास देने की बात करती है, दूसरी ओर नागरिक दर-दर की ठोकर खा रहे हैं। प्रदेश सरकार के आदेश के बावजूद भी पट्टे नहीं दिए जा रहे हैं और न ही आवास दिए जा रहे हैं, इससे जनता में आक्रोश है। उन्होंने तत्काल प्रदेश सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों से हस्तक्षेप कर आवास व आवास के पट्टे दिलाने की मांग की है।

## किसान भाई नरवाई न जलायें

**मुरैना।** किसान भाई फसलों की कटाई के पश्चात् खेतों में बचे फसलों के अवशेष को न जलाएं। उपसंचालक कृषि अनंत सडैया ने किसान भाईयों से अपील कि है फसलों की कटाई के बाद किसान भाई खेतों में बचे फसलों के अवशेष को जलाते है, जो उचित नहीं है। जबकि खेतों में बचे अवशेष को जलाने के स्थान पर उनका उचित प्रबंधन करें और अवशेषों को खेत की मिट्टी में मिला दें। जिससे भूमि में जीवांश पदार्थो की वृद्धि होगी। उपसंचालक कृषि ने बताया कि फसलों के अवशेष जलाने से खेत की मिट्टी में पाए जाने वाले सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते है। जिसके कारण खेत उर्वरा शक्ति धीरे-धीरे नष्ट होने लगाती है, फसल उत्पादन भी विपरीत प्रभाव पड़ता है।

# मदनमोहन शर्मा को अपने पाव मिल गये



**मुरैना।** मदनमोहन शर्मा अपने मन की मुराद पूरी करने के लिये जनसुनवाई में आवेदन देकर प्रभारी कलेक्टर के समक्ष पहुंचे। मदनमोहन शर्मा को उम्मीद थी कि उन्हें उनके पैर अवश्य मिलेंगे। उम्मीदों पर आसमा टिका रहता है, ठीक उसी प्रकार प्रभारी कलेक्टर ने उनके आवेदन पर गौर किया और तत्काल उन्हें ट्रायस्किल प्रदान कर दी, तब मदन मोहन शर्मा की आंखों से खुशी के आंसू निकल आये और कहने लगे कि अब मुझे अपने पाव मिल गये। अम्बाह मुख्यालय की कुशवाह गली के निवासी मदनमोहन शर्मा पुत्र रामवरण शर्मा ने बताया कि एक वर्ष पूर्व सडक दुर्घटना में ट्रक से दोनों पैर कट गये थे। मैं बडा चिंतित था कि जयपुर जाकर दोंनो पैर लगवाऊंगा तो इतने पैसे नहीं है कि सर्जरी करा सकूं। मेरे पैर बनवाने के लिये गरीबी आडे आ रही थी। मदनमोहन शर्मा के परिवार पर गरीबी का घोर संकट था, इस कारण वह अपने परिजनों से ट्रायस्किल खरीदने की मांग भी नहीं कर सकता था। मन ही मन कहता था कि ट्रायस्किल होती तो मैं भी बाहर घूमकर अपने मन की तमन्ना पूरी कर लेता। मुझे ज्ञात हुआ कि सामाजिक न्याय विभाग द्वारा दिव्यांगों के लिये ट्रायस्किल प्रदान की जाती है, इसके लिये कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत करना होता है। मैंने मंगलवार को आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने मेरे मन की मुराद पूरी करते हुये मुझे तत्काल ट्रायसाईकल प्रदान कर दी। अब मुझे अपने नये पैर मिल गये है।

# क्षेत्र में बढ़ रही अपराधिक घटनाओं को लेकर माकपा एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन



**कैलारस।** इन दिनों क्षेत्र में लगातार लूट और चोरियों की घटनाओं में बड़े पैमाने पर बढ़ोत्तरी हुई है, लगातार हो रही इन अपराधिक घटनाओं से क्षेत्र की जनता में आक्रोश बना हुआ है। इस मामले में जनता के द्वारा कई बार स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर प्रदेश स्तर के अधिकारियों तक आवेदन निवेदन किए जा चुके हैं। जनता के द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से भी कई बार आग्रह किया है लेकिन यह अपराधिक घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। व्यापारियों और आम नागरिक तथा क्षेत्र में इन घटनाओं से भय व्याप्त है आम जनता अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। जनता शासन के खिलाफ आक्रोशित होकर कभी भी बड़े आंदोलन की ओर रुख कर सकती है। जन भावनाओं के अनुरूप मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी नगर इकाई के द्वारा एसडीओपी कैलारस की अनुपस्थिति में थाना प्रभारी कैलारस को ज्ञापन सौंपकर, क्षेत्र में बढ़ रही अपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की गई है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और सभी दलों के नेताओं से भी इन अपराधिक घटनाओं के खिलाफ आवाज बुलंद करने की अपील करते हुए जनता का साथ देने का आह्वान किया है। इस मौके पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य अशोक तिवारी, जिला सचिव गयाराम सिंह धाकड़, जिला सचिव मंडल सदस्य महेश प्रजापति, नगर सचिव राजेश गुप्ता, स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राज्य संयुक्त सचिव राजवीर सिंह धाकड़, कन्हैया लाल धाकड़, सरमन धाकड़, बॉबी धाकड़ और पीड़ित दिलीप गोयनर सहित व्यापारीगण और नागरिक मौजूद रहे।

# राफेल घोटाले की जांच संयुक्त संसदीय समिति से कराई जाए

**सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसले की आड़ में ना छुपे केंद्र सरकार**

**मलेशिया से जो कागज आये वे कोर्ट में क्यों नहीं दिये?**

**क्या सीबीआई डायरेक्टर को रातों-रात इसीलिए हटाया गया?**

**राफेल घोटाले की जांच रोक, हुआ आपरेशन मिडनाईट : सुप्रिया श्रीनेत**

**राफेल घोटाले में अपनी भूमिका स्पष्ट करें प्रधानमंत्री मोदी?**

**भोपाल)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आज राफेल विमान घोटाले के मुद्दे पर मध्य प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। सुप्रिया श्रीनेत ने राफेल घोटाले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका को स्पष्ट करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि बहुत सी सच्चाई जनता के सामने है, लेकिन राफेल घोटाले के घटनाक्रम को बहुत गौर से देखना पड़ेगा। कुछ तत्व जो अभी जनता के सामने नहीं आए हैं। उन्होंने कहा कि 4 अक्टूबर 2018 को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंत्री अरुण शौरी और यशवंत सिन्हा सीबीआई के पास राफेल घोटाले की शिकायत करने गए थे। मारीशस ने 11 अक्टूबर 2018 को राफेल घोटाले में हुई दलाली को लेकर सीबीआई को विस्तृत जानकारियां भेजीं। सीबीआई इन दस्तावेजों पर कार्यवाही करने ही वाली थी। तभी 23 अक्टूबर 2018 को सीबीआई के निदेशक आलोक वर्मा को रातों-रात पद से हटा दिया गया और तख्तापलट कर उनकी जगह नागेश्वर राव को सीबीआई का निदेशक बना दिया गया। श्रीनेत ने कहा कि इन तीनों



घटनाओं को मिलाकर देखें तो साफ लगता है कि सीबीआई राफेल घोटाले की सही दिशा में जांच ना कर सके, इसीलिए मोदी सरकार ने अप्रत्याशित और अभूतपूर्व कदम उठाते हुए रातों-रात सीबीआई निदेशक को उनके पद से हटा दिया। श्रीनेत ने कहा कि इसके बाद एक तारीख और महत्वपूर्ण है, 16 मार्च 2019 को दलाल सुसेण गुप्ता के घर पर प्रवर्तन निदेशालय ने रेड डाली और वहां से पांच महत्वपूर्ण दस्तावेज हासिल किए। यह दस्तावेज सीधे तौर पर राफेल की खरीद से जुड़े हुए थे जो भारत सरकार के अत्यंत गोपनीय दस्तावेज थे। सवाल यह उठता है कि एक बिचौलिए के पास इस तरह के दस्तावेज कैसे पहुंचे? यह वही बिचौलिया है जो अगस्ता वेस्टलैंड डील में जेल जा चुका है। यहां यह भी याद रखिए कि मोदी सरकार ने अगस्ता वेस्टलैंड को ब्लैक लिस्टेड कंपनियों की सूची से हटा दिया है, जबकि यूपीए सरकार ने इस कंपनी को ब्लैक लिस्टेड किया था।

श्रीनेत ने कहा कि सीबीआई निदेशक को रातों-रात हटाना, मॉरीशस से राफेल दलाली के बारे में कागजों का आना। रक्षा सौदों में दलाली करने वाले एक व्यक्ति के पास से राफेल सौदे से जुड़े अत्यंत गोपनीय दस्तावेजों का मिलना और इस सब के बाद भारत सरकार का और खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस विषय पर चुप्पी साध लेना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत बड़ा खतरा है। श्रीनेत कहा कि भारत सरकार जानबूझकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले की आड़ में छुपना चाहती है। जब सुप्रीम कोर्ट ने राफेल के संबंध में याचिका पर अपना फैसला दिया था उस समय यह तथ्य सुप्रीम कोर्ट के सामने नहीं रखे गए थे। लेकिन इन तथ्यों के सामने आने के बाद सच्चाई बदल चुकी है। आज फ्रांस की अदालत भी राफेल के मामले पर सुनवाई कर रही है। इन सब बदली हुई परिस्थितियों को देखते हुए भारत सरकार को तत्काल संसद की संयुक्त समिति जेपीसी से इस मामले की जांच करानी चाहिए। राफेल के पूर्व के घटनाक्रम को याद दिलाते हुए श्रीनेत ने कहा कि आप सबको राफेल का घटनाक्रम पता है कि किस तरह से यूपीए सरकार में राफेल विमानों की खरीद हो रही थी, जो समझौता उस समय नहीं हो सका। उसके बाद नरेंद्र मोदी सरकार केंद्र में बनी और उसने 126 की जगह 36 विमान खरीदे। यूपीए के समय एक विमान की कीमत 570 करोड रुपए आ रही थी।

## गुजरात राज्य के लोक एवं जनजातीय कला और संस्कृति पर केन्द्रित प्रदर्शनी का उदघाटन

**भोपाल।** इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल द्वारा आज गुजरात राज्य के लोक एवं जनजातीय कला और संस्कृति पर केन्द्रित एक प्रदर्शनी का उदघाटन निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा यह प्रदर्शनी गुजरात के लोगों के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन, उनके धार्मिक विश्वास और भावनात्मक संबंधों को दर्शाती है। संग्रहालय द्वारा %भारत के लोग% नामक एक प्रदर्शनी श्रंखला के अंतर्गत संग्रहालय द्वारा समस्त भारत के लोक और जनजातीय समुदायों के मध्य संकलित और प्रलेखित वस्तुओं को राज्य विशेष पर केन्द्रित कर %एक भारत श्रेष्ठ भारत% की विषय वस्तु के अंतर्गत गुजरात राज्य के लोक एवं जनजातीय कला और संस्कृति पर यह प्रदर्शनी निर्मित है। देश की इसी विविधता में एकता को समारोहित करने, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्रथाओं और परंपराओं का प्रदर्शन करने तथा इसके लोगों के बीच परस्पर समन्वय, सहयोग और साझेदारी विकसित करने, जिससे कि भारत की मूल आत्मा को महसूस किया जा सके।

## वन-टू-वन

### श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा अखंड भारत कार्यकारिणी की हुई बैठक।



**संतोष सिंह भदोरिया**
**पुष्पांजली टुडे न्यूज़**

**ग्वालियर/** आज आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अशोक सिंह भदौरिया जी, आदरणीय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री शोवरन सिंह तोमर जी के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष कुंवर धर्मेंद्र सिंह राजावत जी ने मध्य प्रदेश मे प्रत्येक जिले में बैठक कर ने के निर्देश दिए । जिसमें क्षत्रिय समाज के उत्थान और सहायता के लिए कार्य निरंतर जारी रखें जाए ऐसा निर्देश वरिष्ठ नेत्रत्व से प्राप्त हुआ।जिसको लेकर आज जिला कार्यालय सोफा गैलरी पड़ाव पर ग्वालियर जिला की बैठक रखी गई। जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री योगेंद्र सिंह कुशवाह, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री हरि सिंह सिकरवार, प्रमुख महासचिव मध्य प्रदेश श्री पप्पू सिंह परिहार, प्रदेश प्रवक्ता श्री वेद प्रकाश सिंह राजावत, प्रदेश संगठन मंत्री श्री विजय सिंह सिकरवार प्रदेश महासचिव श्री शैलेश सिंह राजावत प्रदेश संगठन मंत्री श्री विपिन सिंह सिकरवार, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री देव सिंह सिकरवार, संभाग संरक्षक श्री परशुराम सिंह जादौन, संभाग अध्यक्ष श्री शोभित सिंह चौहान, प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री संतोष सिंह भदौरिया, ग्वालियर जिला प्रभारी श्री उम्मेद सिंह तोमर, प्रदेश महामंत्री युवा कुंवर आशू प्रताप सिंह राजावत ग्वालियर जिला अध्यक्ष श्री राम राज सिंह भदौरिया, जिला संगठन मंत्री श्री राजेश सिंह जादौन, युवा संभाग अध्यक्ष श्री प्रसांत सिंह चौहान,श्री राहुल सिंह राजावत,एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। संगठन को सक्रिय रखने के लिए निरंतर बैठक और सामाजिक कार्य करने के लिए चर्चा हुई।

### केरेगांव में मनाईं गई बिरसा मुंडा जयंती



**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** जिले की लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम केरेगांव? में भीम आर्मी संघठन द्वारा अम्बेडकर चौक में बिरसा मुंडा जंयती का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित जनों ने सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा और डा बाबा साहेब आंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए, तथा उपस्थित लोगों ने बिरसा मुंडा के जिवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस दौरान केरेगांव के ग्राम प्रधान ललिता हिरामन उइके , सूरज मेश्राम और पंच वासुदेव मेश्राम एवं समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।

### भूपेंद्र सिंह ने कहा, संघ के त्याग के सामने दिग्विजय सिंह बहुत छोटे

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में संघ को लेकर फिर सियासत तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के आरएसएस वाले बयान पर मंत्री भूपेंद्र सिंह ने निशाना साधा है। भूपेंद्र ने कहा कि संघ के त्याग के सामने दिग्विजय सिंह बहुत छोटे है।इतना ही नहीं संघ को दिग्विजय सिंह से प्रमाण पत्र लेने की जरूरत नहीं है। संघ के त्याग और परिश्रम को वहां सपने में भी नहीं सोच सकते। दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ट्वीट कर कहा कि कि आरएसएस सेवा उन्मुखी संघटन के बजाय सत्ता भोगी संघटन हो चुका है।

## खमरिया गांव की नालियां मे बजबजा रही गंदगी से पनप रहे मच्छर

**पन्ना जिले की जनपद पंचायत शाहनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत खमरिया में उड़ाई जा रही स्वक्षता अभियान की धज्जियां**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना ।** ग्राम पंचायत खमरिया मैं सरपंच सचिव की उदासीनता के चलते व्यवस्थाएं चौपट नजर आ रही है नालियां नहीं बनाई गई जिसके चलते आज स्थिति लिया हो गई है कि ग्राम में जो नालियां बनी है उसमें गंदगी के साथ पानी भरा हुआ है और इसमें मच्छरों के लार्वा पनप रहे हैं जिससे पूरा गांव मच्छरों के डंक सहने को मजबूर है ऐसी स्थिति में गांव के लोग बीमार पड़ रहे हैं ग्राम के लोगों ने जनपद सीओ से ग्राम का निरीक्षण कर यहां टी सड़कों का नालियों का उत्थान कराने की मांग की है साथी ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच सचिव के द्वारा वर्तमान में जो व्यवस्था है उसमें अगर साफ सफाई की व्यवस्था की जाए तो स्थिति काफी सुधर सकती है उनका कहना है कि नालियों में भारी गंदगी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और यही नाली का पानी सड़कों में फेल कर हम लोगों को निकलना दुभर हार कर रहा है ऐसे स्थिति मैं शीघ्र ही स्वच्छता अभियान के अभियान को ग्राम पंचायत अधिकारी पंचायत की व्यवस्था में पपीता लगाते नजर आ रहे हैं ऐसे में एक और महामारी से



अभी इंसान की जिंदगी का तनहाइयां दूर भी नहीं हुई है और अगर इस गंदगी में अगर मच्छरों का प्रकोप पूरे ग्राम में बढ़ गया तो और ग्राम वासियों को और कठिनाइयां बढ़ सकती हैं लोगों के द्वारा सरपंच सचिव एवं जनपद सीईओ शाहनगर से अपील की है कि कृपया व्यवस्था का जायजा लिया जाए और जो व्यवस्थाएं लिया जाए उनको व्यवस्थित की जाए।

## समाजसेवी डॉ विनय कुमार जैन की प्रथम पुण्यतिथि पर रत्नत्रय विधान एवं ब्लड डोनेट कैंप का हुआ आयोजन।



**संतोष सिंह भदोरिया**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे न्यूज़**

**गोरमी** /नगर में मंगलवार के दिन समाजसेवी डॉ विनय कुमार जैन की प्रथम पुण्यतिथि पर रत्नाजय विधान एवं ब्लड डोनेट कैंप का आयोजन किया गया जिसमें नगर के वरिष्ठ समाजसेवी तथा महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और ब्लड डोनेट कैंप को सफल बनाया डॉ जैन के पुत्र इंजीनियर सौरभ जैन और डॉ दीपक जैन ने कहा कि हमारे पिताजी समाजसेवी थे तथा हर समाज के लोगों के लिए उन्होंने अपने जीवन में कुछ ना कुछ कार्य किए जिससे कि हर समाज के लोगों का अपार स्नेह मिलता था आज उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर नगर में प्रथम बार ब्लड डोनेट कैंप लगाया गया है जिसमें हर समाज के लोग करीब आधा सैकड़ा से अधिक लोगों ने अपना ब्लड डोनेट किया और कहा कि हमारा ब्लड अगर किसी जरूरतमंद के काम आ सके तो यह बहुत ही बड़ी पुण्य की बात होगी तथा भिंड ग्वालियर अंबाह पोरसा से आए डॉक्टर जैन के संपर्क के लोगों ने भी ब्लड डोनेट किया तथा सौरभ जैन और डॉ दीपक जैन द्वारा ब्लड डोनेट करने वाले महानुभाव को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर डॉ अनिल जैन प्रमोद जैन डब्बू जैन जैन सुनील जैन पंडित जी विजय जैन प्रदीप जैन भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक राजकुमार जैन बड़े जयकुमार जैन पत्रकार डॉ रंजीत छाबड़ा वीरेंद्र बंसल विवेक अवस्थी भीष्म प्रताप सिंह भदोरिया कमल किशोर दीक्षित सतीश जैन चेतन जैन विवेक जैन रेनू जैन मीरा जैन सोनल जैन बबिता जैन संध्या जैन श्रद्धा जैन आदि लोग मौजूद रहे।



### मैसूरू कन्नड़ रत्न पुरस्कार से सम्मानित

**पुष्पाजंली टुडे**

**मैसूरू–** प्रगति प्रतिष्ठान व मैसूरू कन्नड़ वेदिके के संयुक्त तत्वावधान में बाल दिवस व कन्नड़ राज्योत्सव के अवसर झांसी लक्ष्मीबाई मार्ग स्थित रोटरी सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमे रक्तदान महादान गौभक्त संगठन ट्रस्ट के अध्यक्ष देवेन्द्र परिहारिया व आनंद मांडोत को उनके निस्वार्थ रक्तसेवा व समाजसेवी कार्यों के लिए मैसूरू कन्नड़ रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चामराजा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एल. नागेन्द्र ने प्रशस्ति पत्र देकर बहुमान किया। विधायक ने ट्रस्ट की प्रशंसा करते हुए कहा कि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध करवाने का कार्य अनुकरणीय है।

## गंभीर मरीज को प्राथमिक उपचार भी नहीं मिल पाता जाना पड़ता है सिमरिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना ।** पन्ना जिले से लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत बनौली तहसील सिमरिया के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बनोली में इस तरह की अभियंता देखने को मिल रही है कि उप स्वास्थ्य केंद्र मैं पदस्थ कर्मचारी के मनमानी तरीके से लोगों को बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ता है जी हां बनौली पंचायत में शासन द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना वहां के लोगों की सुविधा के लिए स्थापित किया गया है जिससे गरीब परिवारों को सुविधा मिल सके और उन्हें अनियंत्रित कही भटकना न पड़े किंतु उप स्वास्थ्य केंद्र पर पदस्थ किए गए कर्मचारियों का यह आलम है कि सालों तक उप स्वास्थ्य केंद्र का ताला ही नहीं खुलता अब ऐसे मैं यहां आने वाले मरीज इंतजार भी नहीं करते हैं यहां के लोगों का कहना है कि हमारे यहां अगर किसी की तबीयत खराब हो जाती है तो हम लोगों को यहां पर लगभग 15 किलोमीटर दूर सिमरिया जाना पड़ता है ग्राम के लोगों ने ऐसे में जिसकी हालत गंभीर नाजुक होती है उन लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है बनौली के लोगों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों व जिला प्रशासन से मांग की है कि ऐसे कर्मचारियों जो वेतन तो लेते हैं पर काम नहीं करते इन पर कार्रवाई करते हुए उप स्वास्थ्य केंद्र को निम्नानुसार खोलने की व्यवस्था कराई जाए ताकि इस व्यवस्था की यहां के लोगों को लाभ मिल सके



### वैक्सीनेशन का कार्य चालू फिर भी उप स्वास्थ्य केंद्र लगा ताला

करोना महामारी के चलते शासन ने वैक्सीनेशन का कार्य चालू करवाया जिससे लोगों को परेशानियां ना हो सके और प्रशासन एवं जिले के मुख्य कलेक्टर महोदय के द्वारा बार-बार अपील की जाती है कि वैक्सीन लगवाएं ऐसे कई ग्रामों में एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर निरीक्षण भी देखे गए हैं लेकिन इतनी घातक बीमारी को उप स्वास्थ्य केंद्र पर पदस्थ कर्मचारी अपनी ड्यूटी को थोड़ी सा भी मायने नहीं दे रहे हैं ऐसा नहीं कि वैक्सीनेशन का कार्य बनौली में ना चल रहा हो वैक्सीनेशन कार्य चालू है।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस अवसर पर लांजी पत्रकारों का किया सम्मान

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** 16 नवंबर राष्ट्रीय प्रेस दिवस और पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ जिसका मुख्य उद्देश्य प्रेस की आजादी के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना है, साथ ही ये दिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बनाए रखने और उसका सम्मान करने की प्रतिबद्धता की बात करता है। प्रेस की आजादी के महत्व के लिए दुनिया को आगाह करने वाला ये दिन बताता है कि लोकतंत्र के मूल्यों की सुरक्षा और उसे बहाल करने में मीडिया अहम भूमिका निभाता है। प्रेस की स्वतंत्रता भारतीय संविधान के अनुच्छेद-19 में भारतीयों को दिए गए अभिव्यक्ति की आजादी के मूल अधिकार से सुनिश्चित होती है।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवीयों व व्यापारी संघ ने रेस्ट हाउस लांजी में एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें सभी पत्रकारों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया तथा सम्मान स्वरूप पेन व डायरी भेंट कर पत्रकार बंधुओं को राष्ट्रीय



प्रेस दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

इस दौरान नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल लांजी के प्राचार्य प्रमोद चंद्र त्रिपाठी, विश्व भगवा रक्षक मध्य प्रदेश के महामंत्री नितिन मुरकुटे ,गौरीशंकर सातपुते व्यापारी संघ अध्यक्ष, नूतन रहमतकर पूर्व जनपद सदस्य, टिंकू ठाकुर बस एजेंट लांजी, राजू रामटेक्कर समाजसेवी , डॉ राकेश दहीकर के साथ लांजी के पत्रकार मयूर सुले ,फणींद्र दुरुगकर, दिनेश रामटेक्कर, ज्ञानचंद कालबेले, सुरेंद्र श्रीवास , इदरीश खान ,पवन कश्यप, रितेश कटरे ,यशवंत लिल्हारे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### इनका कहना है

नितिन मुरकुटे महामंत्री विश्व भगवा रक्षक मध्य प्रदेश- आप सभी पत्रकार बंधु रेस्ट हाउस पहुंचे, आपका स्वागत है। वर्ष में 365 दिन में निरंतर क्षेत्र समाज राज्य देश हित के लिए अच्छी खबर छापते हैं। प्रतिदिन क्षेत्र की समस्या लिखते रहते हैं। प्रशासन को अवगत कराते हैं। इसके लिए आपका भी सम्मान बहुत जरूरी है। और जिसके चलते आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस का आयोजन किया गया है। आप सभी को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाइयां।



### प्रमोद चंद्र त्रिपाठी प्राचार्य -

सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सबका अपना-अपना अलग पहलू है, लेकिन वास्तव में हमारे बीच पत्रकार जिनकी लेखनी समाज के हर वर्ग के विषय में समाज के सामने बात लाती है। तथा पत्रकार बंधु हमारे लिए और जनमानस के लिए अतुलनीय हैं। लेखनी से देखा जाता है कि कई बार बहुत सी समस्याओं का चुटकियों में निदान हो जाता है। हमारे लांजी के पत्रकार बंधुओ का योगदान कहीं ना कहीं बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण और प्रभावशाली है,इसे नकार नहीं सकते। सभी पत्रकार बंधु अपने आपको समाज सेवा में लगाएं। सभी को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं।

## वन-टू-वन

### जनजातीय गौरव दिवस के भव्य आयोजन के लिए प्रदेश अध्यक्ष ने जताया आभार

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस पर जनजातीय गौरव दिवस के भव्य और सफल आयोजन के लिए राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के नागरिकों को बधाई दी है। इसके साथ ही उन्होंने इस आयोजन को सफल और सार्थक बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, प्रदेश के जनजातीय भाई-बहनों, शासकीय कर्मचारियों, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों का आभार जताया है। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस के प्रथम आयोजन पर प्रदेश के जनजातीय बंधुओं ने जिस तरह सहभागिता की वह अद्भुत रही है। राजधानी भोपाल में आयोजित समारोह में प्रदेश के सभी जिलों के जनजातीय भाई-बहन उत्साह के साथ शामिल हुए। श्री शर्मा ने कहा कि समारोह के लिए भोपाल आ रहे प्रतिभागियों का जिस तरह स्वागत-सत्कार किया गया और जिस तरह से उनका ध्यान रखा गया, उसके लिए मैं प्रशासन तंत्र तथा पार्टी कार्यकर्ताओं का आभारी हूं। श्री शर्मा ने कहा कि भोपाल में आम नागरिकों, युवाओं और माताओं-बहनों ने जिस आत्मीयता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया, उससे स्पष्ट है कि केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं का असर आम लोगों तक पहुंच रहा है और ये योजनाएं अपने उद्देश्यों में सफल रही हैं। श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में एकत्रित मुस्लिम बहनों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में उनकी उपस्थिति ने तीन तलाक विरोधी कानून की सार्थकता को साबित कर दिया है।

### प्रदेश अध्यक्ष ने प्रेस दिवस पर दी मीडियाकर्मियों को बधाई, सहयोग के लिए जताया आभार

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर पत्रकारों, मीडियाकर्मियों को प्रदेश कार्यालय में आमंत्रित कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। साथ ही मीडिया द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन में किए गए सहयोग के लिए आभार भी जताया। चर्चा के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष एवं पार्टी पदाधिकारियों ने पत्रकारों के साथ जलपान भी किया। मीडिया प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय प्रेस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि समाज की सेवा करने और देश तथा समाज के लिए काम करने का आप सभी का संकल्प और दृढ़ हो यही मेरी कामना है। श्री शर्मा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस एक ऐतिहासिक दिन था और देश के करोड़ों लोग इस अवसर पर आयोजित समारोह के साक्षी बने। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस पर हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने प्रदेश के लोगों को जो सौगातें दी हैं, उनके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री जी ने भोपाल को जिस आधुनिक और विश्वस्तरीय स्टेशन की सौगात दी है तथा जिस तरह से उसका नाम रानी कमलापति के नाम पर किया गया है, यह भोपाल और मध्यप्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है, जिसके लिए मैं प्रधानमंत्री श्री मोदी जी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताता हूं। श्री शर्मा ने कहा कि मैं पार्टी कार्यकर्ताओं और पार्टी के जनजातीय नेतृत्व के प्रति भी आभार जताता हूं, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए महीनों पहले से मेहनत की और प्रधानमंत्री जी का स्वागत अभिभूत करने वाले एक अनोखे अंदाज में किया। श्री शर्मा ने कहा कि देश में 100 करोड़ वैक्सीनेशन, ट्रिपल तलाक तथा गरीबों का जीवन बदलने वाली अन्य योजनाओं को लेकर जिस तरह कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों, मुस्लिम बहनों ने प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद दिया, उसके लिए मैं उनका भी आभारी हूं।

### भ्रष्टाचार के मामले में नेतन्याहू अदालत में पेश हुए

**यरूशलम।** इजराइल के पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अदालत में पेश हुए। उनकी पेशी उस समय हुई जब कभी उनके करीबी सहयोगी रहे नीर हेफेत्ज भ्रष्टाचार के बड़े मामले में उनके खिलाफ गवाही की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि, यह बहुप्रतीक्षित गवाही अब अगले सप्ताह तक के लिए टल गई है, क्योंकि नेतन्याहू के वकीलों ने इस कानूनी चुनौती दी है। नेतन्याहू के खिलाफ मामले में हेफेत्ज अभियोजन पक्ष के एक महत्वपूर्ण गवाह हैं। हेफेत्ज ने नेतन्याहू सरकार के प्रवक्ता के रूप में काम करने के लिए 2009 में पत्रकारिता का अपना लंबा करियर छोड़ दिया था और फिर 2014 में वह नेतन्याहू परिवार के प्रवक्ता एवं सलाहकार बन गए थे। नेतन्याहू मंगलवार को एक वकील, अपने छोटे बेटे अवनेर और अपनी लिकुड पार्टी के कुछ समर्थकों के साथ अदालत कक्ष में दाखिल हुए। उनके वकीलों ने मामले में नए गवाह के सामने आने की खबरों के बाद मंगलवार के सत्र को विलंबित करने को कहा। नए गवाह ने आरोप लगाया है कि नेतन्याहू की पत्नी सारा ने दो अरबपति दोस्तों, हॉलीवुड निर्माता अर्नोन मिलचन और ऑस्ट्रेलियाई अरबपति जेम्स पैकर से उपहार के रूप में एक महंगा कंगन स्वीकार किया था। नेतन्याहू के वकीलों ने दलील दी कि हेफेत्ज के अपना पक्ष रखने से पहले पूर्व प्रधानमंत्री को सबूतों का अध्ययन करने की आवश्यकता है।

### एक माह बाद सार्वजनिक कार्यक्रम में दिखे किम जोंग उन, विकास परियोजना का निरीक्षण किया

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन एक माह के ब्रेक से लौट आए हैं और उन्होंने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने चीन के साथ लगी सीमा के पास एक प्रमुख विकास परियोजना का निरीक्षण किया। किम जोंग ने कहा कि यह विकास परियोजना अंतरराष्ट्रीय अलगाव और दबाव की स्थिति में समृद्धि हासिल करने के लिए देश की दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक है। किम जोंग ने सैमजियोन शहर की अपनी यात्रा के दौरान विकास परियोजना के क्षेत्र में निर्माण की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

# मिलावट माफियाओं पर भिंड पुलिस की स्ट्राइक, भारी तादाद में नकली दूध और मावा बनाने का सामान जप्त

**खतरनाक केमिकल हाइड्रोजन पराऑक्साइड भी मिला, पुलिस नई किया मामला दर्ज**

**मोहन मांझी**
**पुष्पांजली टुडे**





**गोहद** साइबर सेल पुलिस ने गोहद चौराहा थाना पुलिस की मदद से नकली दूध तैयार करने की सामग्री उपलब्ध कराने वाले गोदामों का पर्दाफ़ाश किया है, पुलिस ने मौक़े से भारी मात्रा में मालटोज़ पाउडर, हाइड्रोजन पेराऑक्सायड, रेफ़ायंड ओईल, पाम आयल समेत मशीनरी और भारी मात्रा में घातक केमिकल बरामद किए है। भिंड साइबर सेल लगातार अपराध और अपराधियों का पर्दाफ़ाश करने में लगा है, हाल ही में ई-कॉमर्स साइट अमेजन द्वारा भारी मात्रा में गांजा की सप्लाई का खुलासा करने के बाद साइबर सेल पुलिस ने गोहद चौराहा पुलिस के सहयोग से नक़ली दूध बनाने की सामग्री के गोदाम पर छापा मार कार्यवाही की है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक़, पुलिस ने दोनो गोदाम से भारी मात्रा में कैमिकल्स और नक़ली दूध बनाने की सामग्री ज़ब्त की है जिसमें 3000 लीटर हाइड्रोजन पेराऑक्सायड, 5-6 ड्रम पॉम ओर रिफ़ायंड आयल, 50 किलो डिटर्जेंट ,785 बोरी पावडर और अन्य घातक सामग्री भी भारी मात्रा में बरामद की है, वही कुछ मशीनरी भी ज़ब्त की हैं।

साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक शिवप्रताप सिंह के मुताबिक़ गोहद इलाके में लगातार मिल रही सूचना के आधार पर कुछ दिन से गोहद में मुखबिरों को सक्रिय किए हुए थे, जिनसे उन्हें जानकारी मिली की अवधेश शर्मा उर्फ़ कल्लू नाम के शख्स के गोदाम में नक़ली दूध तैयार करने की सामग्री बड़ी तादाद में एकत्रित है। साइबर पुलिस ने लगातार निगरानी रख कर उसके तीन गोदामों का पता लगाया जिसके बाद प्लानिंग के साथ गोहद एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ओपी मिश्रा ने दबिश दी, जहां मौक़े से एक मशीन और डिटर्जेंट के पैकेट्स के साथ क़रीब 6 से 7 ड्रम रिफ़ाइन ओयल मिला है। दोबारा पूछताछ करने पर भी जब खुद आरोपी ने दूसरे और सामग्री की बात नही स्वीकार की तो उसे साथ ले जाकर दूसरे गोदाम को भी चेक किया गया तो वहाँ भारी मात्रा में मालडोज़ पाउडर की बोरियाँ मिली साथ ही ख़तरनाक केमिकल्स के साथ अलग अलग केनों में भरा हुआ तीन हज़ार लीटर हाइड्रोजन पेराआक्सायड भी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी अबधेश शर्मा पुत्र रामदास शर्मा उम्र 37 वर्ष निवासी वार्ड नं 18 स्टेशन रोड गोहद चौराहा व वनवारी पुत्र दौलत सिंह यादव उम्र 40 पर धारा 420, 272, 273 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। तथा एक मारुति पिकअप वेन द्वश्च30 रू1173 जप्त की है

**नक़ली दूध बनाने का फ़ॉर्म्युला जानता था आरोपी:** बताया जा रहा है की आरोपी अवधेश पूर्व में केमिकल बनाने का काम करता था जिसकी वजह से उसे केमिकल की मदद से नकली दूध बनाने का फ़ॉर्म्युला पता था, वह गोहद में इन गोदामों के ज़रिए मिलावट माफिया को नकली दूध तैयार करने का तरीक़ा बताता था, साथ में दूध बनाने के लिए सामग्री भी उपलब्ध कराता था ।

**अब तक इतना केमिकल हुआ बरामद:** इस पूरी कार्यवाही की जानकारी खाद्य विभाग को भी दी गयी है। खाद विभाग के अधिकारी मौक़े पर पहुँच कर आगे की कार्यवाही की। इस दौरान खाद्य विभाग आरोपी की एक अन्य दुकान कामिनी सेल्स पर भी पहुँचा है जहां से दस्तावेज देखें और गौतम नगर स्थित गोदाम से 750 बेग एमडीपी पाउडर ज़ब्त किया गया है, अब तक कुल बरामद केमिकल में आरएम केमिकल- 665 लीटर, स्छ्क्क पाउडर 785 बोरी, लिक्विड डिटर्जेंट -297 लीटर, बेकरी प्रीमिक्स पाउडर- 50 किलो ज़ब्त किया है।

**वर्जन:** गोहद तहसील में चौराहा पर दो गोदामो की तलाशी ली गई जिसमें दूध बनाने वाले केमिकल मिले है। जिस पर कार्यवाही की गई।

**रेखा सोनी खाद अधिकारी**

# कर्ज ओर आर्थिक परेशानी के कारण बैंक कर्मचारी की बेटी को किडनैप कर मांगी थी 50 हजार की रकम

### पुलिस ने तीन घंटे मे ही मासूम को बरामद कर किडनैपर को दबोचा

**भोपाल।** राजधानी पुलिस ने बैरागढ़ थाना इलाके से बैंक कर्मचारी की बेटी का अपहरण कर 50 हजार की फिरौती मांगने की सनसनीखेज घटना मे तीन घंटे मे ही बडी सफलता हासिल कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है कि आर्थिक रुप से परेशान होने के कारण आरोपी ने बच्ची का अपहरण किया था। एसपी उत्तर विजय खत्री ने खुलासा करते हुए बताया कि पकडा गया आरोपी बैरागढ के ही संजय नगर कॉलोनी का रहने वाला राहुल मेहरा पिता रूप सिंह मेहरा (25) है। आरोपी ने सोमवार को करीब साढे पॉच बजे भारतीय स्टेट बैंक की फतेहगढ़ शाखा में पदस्थ महिला कर्मचारी कि साढे 5 साल की बेटी को किडनैप कर उसकी मॉ को फोन कर 50 हजार की फिरौती की मांग की थी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम तुरंत ही हरकत मे आई ओर थाना बैरागढ, निशातपुरा, परवलिया सडक एवं छोला मंदिर पुलिस पार्टी के साथ ही सायबर टीम एवं अपराध शाखा की सयुंक्त चार टीमे बनाकर मासूम की बरामदगी के लिये आपरेशन चलाया गया। जिसके परिणामस्वरूप 05 वर्षीय मासूम बच्ची के अपहरण के 3 घण्टे के अंदर ही सकुशल दस्तयाब कर उसकी माँ को सौपने मे भोपाल पुलिस ने सफलता प्राप्त की। अफसरो ने बताया कि पुलिस टीम को मुखबिरो से सूचना मिली कि एक संदिग्ध कार निशातपुरा एवं भानपुरा इलाके मे देखी गई है, जिसके बाद निशातपुरा ओर छोला मंदिर पुलिस टीमो ने घेराबंदी शुरु की। पुलिस का कहना है कि इंदौर ले जाने की फिराक में था इसके लिए उसने ट्रैवल्स एजेंसी से एक कार भी बुक करा ली थी।

### वरिष्ठ नागरिक मंच ने समाजसेवी राजेश राय को किया सम्मानित

**भोपाल।** वरिष्ठ नागरिक मंच द्वारा कोराना काल में मानव सेवार्थ विशिष्ट योगदान हेतु समाजसेवी राजेश राय को व्यक्तिगत सम्मान दिया गया। मुख्य अतिथी जयनारायण चौकसे, चेयरमेन एलएनसीटी ग्रुप, पी सी शर्मा विधायक पूर्व मंत्री म.प्र. शासन, सुश्री राजो मालवीय राष्ट्रीय सचिव भारत तिब्बत मैत्री संघ भाजपा कार्यकारिणी सदस्य मध्य प्रदेश, श्रीमती अर्चना जायसवाल समाज नेत्री महिला प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश कांग्रेस ने श्री राय को गुलदस्ता भेंट कर शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एलएनसीटी के चेयरमेन जयनारायण चौकसे ने कहा कि इस प्रकार के सम्मान मिलने से संबंधित व्यक्ति को प्रोत्साहन मिलता है और वह भविष्य में अधिक उर्जा के साथ काम करता है उन्होने श्री राय को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सम्मान मिलने पर राजेश राय ने इस सम्मान का श्रेय अपने माता-पिता को समर्पित करते हुए कहा कि उन्हें समाज सेवा की प्रेरणा बचपन से माता-पिता से ही प्राप्त हुई है।

# जनजातीय गौरव दिवस के व्यवस्थित और सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 15 नवम्बर को भोपाल में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न होने पर मंत्रि-परिषद के सदस्यों, जन-प्रतिनिधियों, मुख्य सचिव सहित समस्त प्रशासनिक टीम और स्थानीय प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। आज मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि भोपाल में संपन्न जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम के सफल और व्यवस्थित आयोजन के लिए मैं अपनी पूरी टीम का आभार व्यक्त करता हूँ। पूरी टीम बधाई की पात्र है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मेरे मंत्री साथियों ने बहुत परिश्रम किया। प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में राजधानी पधारे जनजातीय वर्ग के समूह के लिए भोपाल में आवास, भोजन और परिवहन की बेहतर व्यवस्थाएँ थी। प्रदेशभर से भोपाल तक आने और वापस जाने के परिवहन के प्रबंध भी बेहतर थे। कार्यक्रम के बाद भोपाल जिला प्रशासन द्वारा जम्बूरी मैदान की अल्प समय में सफाई का कार्य करवा लिया गया। इसके लिए स्थानीय अधिकारी-कर्मचारी भी बधाई के पात्र हैं।

### जनजातीय वर्ग का विकास सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने जनजातीय वर्ग के संपूर्ण विकास को प्राथमिकता माना है। जनजातीय वर्ग के साथ ही सभी वर्गों के विकास के लिए भी कार्य-योजना बनाई गई है। जनजातीय गौरव दिवस के माध्यम से जनजातीय वर्ग के विकास का संकल्प लेकर इतिहास रचने का कार्य हुआ है। जनजातीय वर्ग के समग्र कल्याण पर पूरा ध्यान दिया जाएगा। मंत्रि-परिषद के सदस्यों ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान बधाई के हकदार है। कार्यक्रम अनेक देखे गए हैं, लेकिन इतना व्यवस्थित, अनुशासित और जनजातीय वर्ग के विकास का संदेश देने वाला कार्यक्रम पहले कभी नहीं देखा गया। प्रदेश के जनजातीय वर्ग की ओर से खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बिसाहूलाल सिंह ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का आभार व्यक्त किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया ने कहा कि स्व-सहायता समूह की महिलाएँ प्रधानमंत्री श्री मोदी से मिलकर गौरवान्वित हुई हैं। लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि कार्यक्रम के पश्चात दो-तीन घंटे में ही ट्रेफिक सामान्य हो गया।

### आंग सांग सू ची पर मुकदमा चलाएगा म्यांमा चुनाव आयोग

**बैंकाक।** म्यांमा के चुनाव आयोग ने कहा है कि वह देश की अपदस्थ नेता आंग सांग सू ची और 15 अन्य वरिष्ठ राजनेताओं के खिलाफ पिछले साल नवंबर में हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप में मुकदमा चलाएगा। यह घोषणा मंगलवार को सरकारी 'ग्लोबल न्यू लाइट ऑफ म्यांमा' अखबार और अन्य सरकारी मीडिया में प्रकाशित हुई है। सेना ने इस साल एक फरवरी को आंग सांग की चुनी हुई सरकार का तख्ता पलट दिया था और ऐसा करने का मुख्य कारण चुनाव में व्यापक धांधली को बताया था। चुनाव में आंग सांग की नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी पार्टी की प्रचंड जीत हुई थी और वह पांच साल के दूसरे कार्यकाल के लिए कामकाज शुरू ही करने वाली थी। सेना के समर्थन वाली यूनियन सॉलिडेरिटी एंड डेवलपमेंट पार्टी को अप्रत्याशित रूप से भारी नुकसान हुआ था। एशियन नेटवर्क फॉर फ्री इलेक्शंस जैसे स्वतंत्र पर्यवेक्षकों को चुनाव में अनिमियतता का कोई प्रमाण नहीं मिला था। हालांकि उन्होंने कुछ पहलुओं की आलोचना की थी। संघीय चुनाव आयोग की कार्रवाई की वजह से आंग सांग की पार्टी को भंग किया जा रहा है और वह नए चुनाव में भी हिस्सा नहीं ले पाएंगी, जिसका सेना ने वादा किया है। सेना के वादे के मुताबिक, सत्ता पर काबिज़ होने के दो साल के अंदर-अंदर चुनाव कराए जाएंगे। बहरहाल, आयोग ने नोटिस में इस बात की जानकारी नहीं दी कि किस कानून के तहत आरोपियों के खिलाफ अभियोजन चलाया जाएगा। मई में सेना की ओर से नियुक्त आयोग के नए प्रमुख ने कहा था कि उनकी एजेंसी आंग सांग की पार्टी को भंग करने पर विचार करेगी। आयोग के प्रमुख थीइन सोए ने कहा कि जांच में पता चला है कि पार्टी ने सरकार के साथ अवैध तरीके से काम किया था ताकि चुनाव में उसे फायदा मिल सके। सत्ता पर काबिज़ होने के बाद सेना ने चुनाव आयोग के सदस्यों को बर्खास्त कर दिया था जिन्होंने पिछले साल हुए चुनाव के नतीजों को प्रमाणित किया था और नए सदस्य नियुक्त किए थे। नए आयोग ने चुनाव के नतीजों को अमान्य घोषित किया है।

# अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने, भारत और पाकिस्तान को लेकर जारी किए यात्रा परामर्श

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के लिए यात्रा परामर्श जारी कर, आतंकवाद तथा सांप्रदायिक हिंसा का हवाला देकर अमेरिकी नागरिकों से पाकिस्तान की यात्रा करने पर पुनर्विचार करने और अपराध तथा आतंकवाद का हवाला देकर भारत जाने वालों से सावधानी बरतने को कह दिया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने भारत के लिए एक परामर्श जारी कर अमेरिकी नागरिकों से आतंकवादी खतरों तथा नागरिक असंतोष के चलते जम्मू-कश्मीर और सशस्त्र संघर्ष की आशंका के कारण भारत-पाकिस्तान सीमा के 10 किलोमीटर के दायरे में यात्रा ना करने का आग्रह किया है। परामर्श में कहा गया, भारतीय अधिकारियों ने बताया कि बलात्कार, भारत में सबसे तेजी से बढ़ते अपराधों में से एक है। यौन उत्पीड़न जैसे, हिंसक अपराध भी पर्यटन स्थलों तथा अन्य स्थानों पर सामने आए हैं।'' उसमें कहा गया कि आतंकवादी मामूली या बिना किसी चेतावनी के पर्यटन स्थलों, परिवहन अड्डों, बाजार/मॉल और सरकारी संस्थानों पर हमला कर सकते हैं। परामर्श में कहा गया कि अमेरिका सरकार के पास पश्चिम बंगाल के पश्चिमी हिस्से, पूर्वी महाराष्ट्र और उत्तरी तेलंगाना के ग्रामीण क्षेत्रों में अमेरिकी नागरिकों को आपातकालीन सेवाएं प्रदान करने की सीमित क्षमता है, क्योंकि अमेरिकी सरकार के कर्मचारियों को इन क्षेत्रों की यात्रा करने के लिए विशेष अनुमति लेनी पड़ती है।वहीं विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के लिए जारी परामर्श में अमेरिकी नागरिकों से आतंकवादी हमलों तथा अपहरण के खतरे का हवाला देकर बलूचिस्तान प्रांत और खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) प्रांत की यात्रा ना करने का आग्रह किया, जिसमें पूर्व संघ प्रशासित कबायली क्षेत्र (एफएटीए) भी शामिल है। साथ ही, सशस्त्र संघर्ष की आशंका के चलते नियंत्रण रेखा के आसपास के इलाकों में ना जाने को भी कहा है।

### लीवरपूल टैक्सी बम विस्फोट मामले में गिरफ्तार चार व्यक्तियों को रिहा किया गया

**लंदन।** ब्रिटिश पुलिस ने लीवरपूल टैक्सी बम विस्फोट मामले में आतंकवाद कानून के तहत गिरफ्तार चार व्यक्तियों को रिहा कर कहा है कि वह विस्फोट में मारे गये संदिग्ध हमलावर की मंशा समझने में जुटी है। पुलिस के अनुसार, बम हमलावर का नाम इमाद अल स्वीलमीन (32) था जो कई साल पहले शरण लेने के लिए ब्रिटेन पहुंचा था।इमाद अल ने 2017 में ईसाई धर्म ग्रहण कर लिया था। रविवार की सुबह लीवरपूल वीमेंस अस्पताल से बाहर वाहन में विस्फोट हुआ था और अल स्वीलमीन एवं टैक्सी चालक की मौत हो गई थी। पुलिस ने विस्फोट को आतंकवादी गतिविधि करार दिया है लेकिन उसका कहना है कि वह अब भी इसका मकसद ढूंढने में जुटी है। इस संबंध में चार लोगों को आतंकवाद कानून के तहत हिरासत में लिया गया जिन्हें गुरुवार को रिहा कर दिया गया। चारों की उम्र 20 साल के आसपास है। उत्तर पश्चिम इंग्लैंड की आतंकवाद निरोधक पुलिस व्यवस्था के प्रमुख रूस जैक्सन ने कहा, '' गिरफ्तार किये गये चारों व्यक्तियों से पूछताछ के बाद हम उनकी बातों से संतुष्ट हैं और उन्हें पुलिस हिरासत से रिहा कर दिया गया है।

# तालिबान ने आईएसआईएस-के के चार आंतकियों को किया ढ़ेर, 10 को गिरफ्तार कर लिया



**कंधार।** तालिबान द्वारा काबुल पर नियंत्रण करने के बाद से अफगानिस्तान में सुरक्षा स्थिति काफी खराब हो गई है।अफगानिस्तान में तालिबान ने दक्षिणी कंधार प्रांत में चार जिलों में इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया-खुरासान (आईएसआईएस-के) के लड़ाकों के खिलाफ चलाए अभियान में 4 आंतकियों को ढेर कर दिया।अभियान में तीन नागरिक भी मारे गए।अभियान आधी रात को शुरू होकर अगले दिन सुबह तक जारी रहा।रिपोर्ट में कहा गया है, कंधार में तालिबान के प्रांतीय अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने आईएसआईएस-के के 4 सहयोगियों को मारा और 10 को गिरफ्तार कर लिया। कंधार के सूचना और संस्कृति विभाग के उप प्रमुख शम्सुद्दीन समीम ने कहा, इस्लामिक अमीरात के सुरक्षा और खुफिया बलों ने दाएश के ठिकानों पर अभियान शुरू किया, जिसमें आठ दाएश सदस्यों को गिरफ्तार किया गया और चार मारे गए।ऑपरेशन के दौरान आईएसआईएस-के के चार ठिकाने तबाह कर दिए। इस बीच, स्थानीय निवासियों ने कहा कि ऑपरेशन के दौरान दो नागरिक भी मारे गए। रिपोर्ट के अनुसार अफवाह है कि आईएसआईएस-के के एक सहयोगी ने अपने विस्फोटकों से एक कमरे में उड़ा दिया, जिससे दूसरे सहयोगी की मौत हो गई। प्रांतीय अधिकारियों और गृह मंत्रालय ने तालिबान लड़ाकों के हताहत होने के बारे में कुछ नहीं कहा है।आईएसआईएस-के ने हाल ही में अफगानिस्तान में अपने हमलों को बढ़ा दिया है।आईएसआईएस-के काबुल में हुए एक घातक हमले की जिम्मेदारी ली है, जिसमें तीन लोग मारे गए और छह घायल हो गए।

### पत्नी को चाकू से गोदने के बाद पति ने स्नान किया और चैन की नींद ली, जागा तो पुलिस को किया कॉल

**लंदन।** ब्रिटेन की एक अदालत ने भारतीय मूल के एक व्यक्ति को अपनी पत्नी की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड के मिल्टन कीन्स इलाके में रहने वाले अनिल गिल (47) को रंजीत गिल (43) की हत्या के संदेह में टेम्स वैली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अनिल ने ही पुलिस को फोन कर अपने घर पर बुलाया था। पुलिस अधिकारियों को रंजीत का शव घर के गैरेज में रजाई और कचरा डालने के बैग में लिपटा पड़ा मिला और शरीर पर चोट के काफी निशान थे। जल्द ही यह स्पष्ट हो गया था कि वह कुछ समय पहले ही मर चुकी थी। पोस्टमॉर्टम जांच में पता चला कि रंजीत की मौत चाकू से कई बार हमला करने के कारण हुई है। फरवरी में अनिल पर हत्या के मामले को लेकर आरोप तय किए गए थे और शुक्रवार को उसे ल्यूटन क्राउन कोर्ट में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। अनिल को कम से कम 22 साल सलाखों के पीछे रहने के बाद ही पैरोल मिल सकेगी। टेम्स वैली पुलिस के अनुसार पूरे मुकदमे के दौरान अनिल लगातार यह दावा करता रहा कि वह हत्या का दोषी नहीं है। लेकिन अंत में अनिल ने यह स्वीकार कर लिया कि उसने क्रोध में आकर रंजीत पर चाकू से हमला किया और उसकी हत्या कर दी। अनिल ने कहा कि वह रंजीत की हत्या नहीं करना चाहता था। अदालत में इस मामले की सुनवाई के दौरान पता चला कि अनिल ने अपनी पत्नी रंजीत को कम से कम 18 बार चाकू मारा। इसके बाद उसने कई घंटे में हत्या वाली जगह को साफ करने, रंजीत के शव को कचरा डालने के बैग में लपेटने और उसे गैरेज में ले जाने के कार्य को अंजाम दिया।

# टीकाकरण महाअभियान के तहत लक्ष्य अनुरूप टीकाकरण का कार्य हो : कलेक्टर

### चीनौर, डबरा और भितरवार में टीकाकरण दलों एवं क्राइसेस मैनेजमेंट समितियों की संयुक्त बैठकें लीं





ग्वालियर। कोविड टीकाकरण महाअभियान के तहत ग्वालियर जिले में 17 नवम्बर को 50 हजार पात्र नागरिकों को बचाव के टीके लगाने का लक्ष्य रखकर कार्य किया जाएगा। जिले का शासकीय अमला और क्राइसेस मैनेजमेंट समिति के सहयोग से लक्ष्य अनुरूप टीकाकरण का कार्य किया जाना है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने के लिये ब्लॉक स्तरीय क्राइसेस मैनेजमेंट कमेटी और टीकाकरण दल के साथ चीनौर, डबरा और भितरवार में पहुंचकर बैठक ली और टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के संबंध में चर्चा की।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा है कि शतप्रतिशत पात्र लोगों को कोविड-19 के दोनों टीके लगाना हम सबका लक्ष्य है। निरंतर टीकाकरण अभियान के दौरान टीकाकरण के बाद भी अभी बहुत सारे लोग टीकाकरण से वंचित हैं। अधिक से अधिक टीकाकरण के उद्देश्य से ही ग्वालियर जिले में 17 नवम्बर को टीकाकरण का महाअभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने अनुभाग क्षेत्र में महाअभियान के तहत टीकाकरण की पूरी रणनीति तैयार करें और प्रातः 7 बजे से सभी निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों पर टीकाकरण का कार्य प्रारंभ कराएं।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने यह भी कहा है कि निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों के साथ-साथ मोबाइल टीमों के माध्यम से भी टीकाकरण का कार्य कराया जाए। क्राइसेस मैनेजमेंट समिति के सदस्यों के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों का सहयोग टीकाकरण कार्य में लिया जाए। जिले में पूर्व में चलाए गए टीकाकरण अभियान की भांति ही इस अभियान में भी निर्धारित लक्ष्य से अधिक टीकाकरण का कार्य हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने तीनों जगह बैठक में यह भी कहा कि टीकाकरण महाअभियान के तहत टीकाकरण कार्य में लगे सभी लोग अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि जिन केन्द्रों पर अधिक टीकाकरण या लक्ष्य अनुरूप टीकाकरण होगा वहां की टीम को सम्मानित करने का कार्य भी किया जाएगा। इसके साथ ही जिन ग्राम पंचायतों में शतप्रतिशत टीकाकरण का कार्य पूर्ण होगा वहां पर भी पहुंचकर प्रशासन, पंचायत को सम्मानित करने का कार्य करेगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री आशीष तिवारी ने भी बैठक में कहा है कि सभी पंचायतें अपने-अपने यहां टीकाकरण से शेष बचे लोगों की सूची तैयार रखें और उन सबसे संपर्क कर अभियान के दौरान टीकाकरण का कार्य करायें। टीकाकरण कार्य के लिये जो दल गठित किए गए हैं वे निर्धारित समय पर केन्द्र पर पहुंचें और जब तक कोई भी व्यक्ति टीकाकरण से वंचित है तब तक टीकाकरण का कार्य बंद न करें।

उन्होंने यह भी कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में अधिक लोग टीकाकरण से वंचित हैं वहां पर अतिरिक्त दल भी स्थापित किए जाएं। मोबाइल टीम के माध्यम से भी अधिक से अधिक लोगों का टीकाकरण कार्य हो।

बैठक में अनुविभागीय अधिकारी डबरा श्री प्रदीप कुमार, अनुविभागीय अधिकारी भितरवार श्री अश्विनी रावत, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री शांतिशरण गौतम सहित क्राइसेस मैनेजमेंट समिति के सदस्य और टीकाकरण दल के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## अपर आयुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश



ग्वालियर। आमजनों की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनसुनवाई के तहत आज नगर निगम ग्वालियर में अपर आयुक्त श्री राजेश श्रीवास्तव एवं श्री मुकुल गुप्ता ने आमजनों की समस्याएं सुनी तथा उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान वार्ड-20 आदर्श कॉलोनी के निवासियों ने अतिक्रमण हटाये जाने के संबंध में, नदी पार टाल श्री लालाराम कुशवाह ने आम रास्ते से अवैध अतिक्रमण हटाये जाने, दाल बाजार श्री प्रमोद गर्ग ने अवैध अतिक्रमण हटाये जाने, श्री सुभाष ओहदिया ने राजीव आवास योजना के तहत पट्टा प्राप्त करने, वार्ड-52 चौहान प्याऊ ठाठीपुर श्री बांके बिहारी जोशी ने रोड का निर्माण कराये जाने के संबंध में, लोचन नगर श्री शिवसिंह भदौरिया ने रोड बनाये जाने, तुलसी विहार स्वास्तिक अपार्टमेंट के निवासियों ने चौक सीवर लाइन को खुलवाये जाने के संबंध में अपने आवेदन अपर आयुक्त को दिये। इसके साथ ही पेयजल, सडक, सीवर एवं अतिक्रमण एवं भवन निर्माण अनुमति से संबंधित तीन दर्जन से अधिक आवेदन प्राप्त हुए जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान अनेक विभागाधिकारी उपस्थित रहे।

## कोरोना टीकाकरण महाअभियान के तहत जिले में आज 50 हजार टीके लगाने का लक्ष्य

### कलेक्टर ने पात्र नागरिकों से की अपील मंगल टीका लगवाकर कोरोना सुरक्षा कवच पहनें



ग्वालियर। कोरोना टीकाकरण महाअभियान के तहत ग्वालियर जिले में 17 नवम्बर को 50 हजार पात्र नागरिकों को कोरोना से बचाव के लिये टीके लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस दिन प्रातः 8 बजे से निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों और मोबाइल टीम के जरिए प्रथम व द्वितीय अर्थात वैक्सीन के दोनों डोज लगाए जायेंगे। टीकाकरण महाअभियान के तहत अगले एक हफ्ते में जिले के एक लाख 40 हजार पात्र नागरिकों को कोरोना के द्वितीय डोज के टीके लगाने के लक्ष्य को लेकर टीकाकरण किया जा रहा है।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिले के सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि ऐसे लोग जो अब तक कोरोना वैक्सीन का प्रथम डोज नहीं लगवा पाए हैं अथवा जिनका दूसरा डोज ड्यू हो गया है वे टीकाकरण केन्द्र पर पहुंचकर टीका जरूर लगवाएं। वैक्सीन के दोनों डोज लगने के बाद ही कोरोना से बचाव संभव है।

उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रोनिक एवं डिजिटल मीडिया के प्रतिनिधियों से विशेष तौर पर आग्रह किया है कि वे जन-जन तक यह संदेश पहुँचाएं कि स्वयं, अपने परिवार, गाँव, शहर, प्रदेश व देश को कोरोना महामारी से बचाने के लिये दोनो डोज लगना जरूरी है। उन्होंने सभी समाजों के प्रतिनिधिगण, जन-प्रतिनिधिगण, धर्मगुरू, क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्यों से भी आग्रह किया है कि जिन लोगों को वैक्सीन का दूसरा डोज नहीं लगा है, उन्हें दूसरे डोज का टीका लगवाकर कोविड से सुरक्षित करने में सहयोग प्रदान करें।

**जिले में दूसरा डोज लगवाने के लिये 3 लाख से अधिक नागरिक पात्र**

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि जिले में कोरोना का दूसरा डोज लगवाने के लिये तीन लाख 11 हजार 284 लोगों की बारी आ गई है। जिला प्रशासन द्वारा सभी की भागीदारी से इन सभी लोगों के टीका लगाने के लिये विशेष रणनीति बनाई गई है। उन्होंने बताया कि 17 नवम्बर को आयोजित होने वाले टीकाकरण महाअभियान के तहत जिले में 400 से अधिक टीकाकरण केन्द्र बनाए गए हैं। साथ ही 269 मोबाइल टीम घर-घर दस्तक देकर टीकाकरण करेंगीं। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि जिले में कुल 16 लाख 28 हजार 694 लोगों को टीके लगाने का लक्ष्य है

## जिला एवं जनपद पंचायत सदस्य के लिए ऑनलाइन आवेदन भी दाखिल किए जा सकेंगे

ग्वालियर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए जिला एवं जनपद पंचायत सदस्य पद के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अतिरिक्त सुविधा प्रदान की जाएगी। अभ्यर्थियों को यह सुविधा ह्स्ढ्ढह्न एप्लीकेशन के माध्यम से उपलब्ध होगी। यह सुविधा अनिवार्य नहीं है, पूर्णतः स्वैच्छिक है।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑनलाइन निर्देशन पत्र भरते समय अभ्यर्थी के पास मोबाइल फोन, चल-अचल सम्पत्ति का विवरण आपराधिक प्रकरणों के संबंध में अभ्यर्थी का शपथ पत्र, अभ्यर्थी और प्रस्तावक का मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से संबंधित जानकारी और प्रतिभूति निक्षेप राशि जमा करने की रसीद होना चाहिए। ह्स्ढ्ढह्न एप्लीकेशन से नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने के लिये निजी कम्प्यूटर अथवा लेपटॉप का उपयोग किया जा सकता है। साथ ही मध्यप्रदेश ऑनलाइन कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र अथवा रिटर्निंग ऑफीसर कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र पर भी ऑनलाइन नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे।

## 293 उपभोक्ताओं से 227940 रुपए जलकर वसूला




ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा आम नागरिकों की सुविधा के लिए नवीन जल कनेक्शन एवं जल कर वसूली के लिए वार्ड वार शिविरों का आयोजन हो जा किया जा रहा है। शहर में मंगलवार को आयोजित शिविर में नागरिकों ने उत्साह दिखाया और बडी संख्या में उपस्थित होकर नवीन जल कनेक्शन स्वीकृत कराए तथा अपने अवैध कनेक्शन को वैध कराया।

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार आमजनों की सुविधा एवं जलकर वसूली के निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने एवं अवैध नल कनेक्शन के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही जलकर उपभोक्ताओं को नवीन जल कनेक्शन प्रदान करने के लिए सभी वार्डों में जलकर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त श्री एपीएस भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आज जल प्रदाय उपखंड मुरार के अंतर्गत 293 नागरिकों द्वारा 227940 रुपए जल कर के रूप में जमा किए गए एवं नवीन जल कनेक्शन प्रदाय हेतु वार्ड क्रमांक 28 के भीम नगर में कैंप लगाया गया कैंप के अंतर्गत 33 नवीन जल कनेक्शन स्वीकृत किए गए।

आज प्रातः जल प्रदाय के समय निरीक्षण में पाए गए जल पाइप लाइनों के साथ लिकेजों को दुरुस्त किया गया है जिनके अंतर्गत वार्ड क्रमांक 18 एफएम सेक्टर दीन दयाल नगर, वार्ड क्रमांक 2 व 3 में बाल्मीकि बस्ती, वार्ड क्रमांक 28 में कुबेर आश्रम, वार्ड क्रमांक 22 में गोदाम बस्ती, वार्ड क्रमांक 26 में शिवहरे कॉलोनी एवं गोविंदपुरी स्थित जल पाइप लाइनों के लीकेज ठीक किए गए इसके अतिरिक्त जल प्रदाय को उचित दबाव देने हेतु गोदाम बस्ती में एक नवीन स्लूस वाल्व को स्थापित किया गया।

## हर के हर गली, मोहल्ले में होगा कीटनाषक दवाओं का छिडकाव एवं फोगिंग

### डेंगू मलेरिया की रोकथाम के लिए निगम ने बनाई विस्तृत कार्य योजना, रोस्टर अनुसार गली मोहल्ले, कॉलोनी में होगा छिडकाव





ग्वालियर। शहर में डेंगू, मलेरिया एवं चिकिन गुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा विस्तृत योजना तैयार की गई है। जिसके तहत अब शहर के सभी वार्डों में नियमित रूप से फोगिंग, दवा छिडकाव, लार्वा जुर्माना एवं जनजागरूकता के कार्यक्रम किये जाएगें। इस हेतु प्रत्येक वार्ड में वार्ड मोनिटर, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक एवं वार्ड हेल्थ ऑफिसर की संयुक्त टीम का गठन किया गया है।

स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा जारी आदेशानुसार प्रतिदिन मलेरिया विभाग एवं नगर निगम की संयुक्त टीम क्षेत्रीय कार्यालयों से रवाना होकर डोर टू डोर सर्वे करेंगी और डेंगू की रोकथाम के लिए जन जागरूकता, लार्वा निरीक्षण एवं विनिष्टीकरण, लार्वा जुर्माना, दवा छिडकाव, फोगिंग इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगी। प्रत्येक जोन पर दो फोगिंग मशीन एवं प्रत्येक वार्ड में तीन स्प्रे मशीन प्रतिदिन उपलब्ध रहेगीं तथा प्रत्येक वार्ड में निर्धारित गली, मोहल्ला, कॉलोनी में फोगिंग का कार्य किया जाएगा। निगमायुक्त द्वारा जारी आदेशानुसार कीटनाशक दवा छिडकाव एवं फोगिंग के लिए साप्ताहिक योजना तैयार की गई है। जिसमें प्रत्येक वार्ड वार प्रतिदिन के हिसाब से गली, मोहल्ले एवं कॉलोनी के नाम चिन्हित किए गए हैं।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478